e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 244

गुरुवार

05.09.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

उबाल इतना भी ना हो की खून सुख कर उड़ जाए, धैर्य इतना भी ना हो की खून जमे तो खौल भी ना पाए!

ताजा खबरों के लिए देखें






## क्विक न्यूज

### भारत के सचिन खिलारी ने 1984 के बाद शॉट पुट में दिलाया पहला मेडल

**नई दिल्ली :** पेरिस पैरालंपिक में 7वें दिन भारत के सचिन खिलारी ने पुरुषों के शॉट पुट एफ46 कैटेगिरी में सिल्वर मेडल जीत लिया है। इस सिल्वर मेडल जीतने के साथ ही सचिन 40 साल में पैरालंपिक शॉट-पुट मेडल जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष एथलीट बन गए हैं। इससे पहले 1984 में भारत को मेन्स शॉटपुट में पहला मेडल आया था। सचिन के इस मेडल के साथ ही भारत के मेडल की संख्या 21 पहुंच गई है। सचिन एशियाई रिकॉर्ड 16.32 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। कनाडा के ग्रेग स्टीवर्ट ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

### गिरिडीह में सीबीआई की टीम ने एफसीआई से जुड़े ठेकेदार के ठिकानों पर किया छापेमारी

**गिरिडीह :** मंगलवार को गिरिडीह जिले में सीबीआई ने एफसीआई से जुड़े संवेदक के घर,गोदाम समेत कई स्थानों पर छापा मारा है. सीबीआई की टीम कई बिंदुओं पर पड़ताल कर रही है. जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह सीबीआई की टीम के सभी पीजी गोदाम के अलावा संवेदक के घर पर दबिश दी है.अलग अलग वाहन पर सवार होकर सीबीआई के अधिकारी जिले में पहुंचे. एक टीम शास्त्रीनगर स्थित रामजी पांडेय के घर पर पहुंची.यहां बता दें कि रामजी पांडेय काफी चर्चित नाम है. सरिया में इनका गोदाम है.

### लखीमपुरखीरी सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत, एक घायल

**लखीमपुर खीरी** : जनपद की धौरहरा कोतवाली क्षेत्र में बुधवार भोर पहर डीसीएम और ट्रक में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक और डीसीएम के चालकों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। ट्रक में सवार एक अन्य घायल है।धौरहरा कफारा मार्ग पर टापरपुरवा-अमेठी गांव के पास एक ट्रक सामने से आ रही लकड़ी भरे डीसीएम से भिड़न्त हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। सड़क हादसे में जम्हौरा निवासी डीसीएम चालक सकटू (35), मिश्री लाल (55) और एक ट्रक के चालक की मौके पर मौत हो गई।

### हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन से दो एनएच सहित 116 सड़कें बंद, तीन पुलों को नुकसान

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में सितंबर महीने में भी मानसून कहर बरपा रहा है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में पिछले दो दिनों से हो रही व्यापक वर्षा का सामान्य जनजीवन पर खासा असर देखा गया है। भूस्खलन से कई सड़कों के अवरुद्ध होने और बिजली ट्रांसफार्मरों के खराब होने से परिवहन व जलापूर्ति प्रभावित हुई है।मौसम विभाग ने आज बुधवार को कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि वीरवार से भारी बारिश में कमी आने की सम्भावना है। पांच से 10 सितंबर तक प्रदेश में हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं। सुखद बात यह है कि इस अवधि के दौरान किसी तरह की चेतावनी व अलर्ट जारी नहीं किया गया है।

### एनआईए ने नक्सलियों के शहरी नेटवर्क से जुड़े चार माओवादियों को किया गिरफ्तार

**रायपुर** : माओवादियों के 20 मार्च 23 को बंद के मामले को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने अबूझमाड़ के घोर नक्सल प्रभावित इलाकों में छापेमारी कर नक्सलियों के शहरी नेटवर्क से जुड़े चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।इन लोगों पर माओवादी संगठन को रसद सप्लाई करने व अन्य कामों में सहयोग करने का आरोप है। इस मामले में जांच एजेंसी 35 अन्य माओवादियों से भी पूछताछ कर रही है। जांच में ओरछा में लम्बे समय से धरने पर बैठे माड़ बचाओ मंच के नेता लखमा कोर्राम पर माओवादी होने का आरोप है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28° |
| न्युनतम | 22° |

### झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना : 704927 लाभुकों के खाते में हुआ राशि का हस्तांतरण

# अब 18 वर्ष की उम्र से मिलेगा योजना का लाभ : हेमंत सोरेन

**नारी शक्ति के आशीर्वाद एवं विश्वास से मिलती है राज्यहित में कार्य करने की ताकत**

**अगले 5 वर्षों में राज्य के 20 लाख आवास विहीन परिवारों का होगा अपना आशियाना**

### अगले 5 वर्षों में राज्य के 20 लाख आवास विहीन परिवारों का होगा अपना आशियाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि जब कोई कुछ ठान लेता है और ईमानदारी से उसे पूरा करने में लगता है तो उसका परिणाम भी उसे अच्छा मिलता है। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रमों के मौकों पर तेज बारिश के बाद भी राज्य की बहन-बेटियों ने उन सभी कार्यक्रमों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है जो 2019 से पहले सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में हुआ करता था। राजधानी रांची में आयोजित इस कार्यक्रम में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले पांचो जिलों से उपस्थित हुई बहन-बेटियों के जन सैलाब ने इतिहास रच दिया है। आज आप सभी लोग यहां नारी सम्मान योजना को आशीर्वाद एवं सम्मान देने यहां पहुंचे हैं। इस आशीर्वाद तथा स्नेह से ही हमें आपके सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने की ताकत और नई ऊर्जा मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके द्वारा मिल रहे आशीर्वाद, समर्थन और स्नेह से मुझे यहां की आधी आबादी की सेवा, दुःख-दर्द तथा परेशानियां को समाप्त करने की ताकत देता है। बहुत जल्द इस योजना में उम्र की संख्या 21 से घटाकर 18 की जाएगी।उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्रेनिंग ग्राउंड, खोजाटोली,नामकोम में आयोजित झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों का सम्मान राशि वितरण कार्यक्रम को अपने सम्बोधन में कही।

**नारी शक्ति के आशीर्वाद एवं विश्वास से मिलती है राज्यहित में कार्य करने की ताकत**

### बच्चियों का भविष्य संवार रही राज्य सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को संरक्षित करने के विषय में राज्य सरकार ने गंभीरता से कार्य किया है। बच्चियों के बेहतर भविष्य के लिए राज्य सरकार निरंतर उनके साथ खड़ी है। स्कूलों में अध्यनरत बच्चियों के लिए सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना का संचालन किया गया। इस योजना के तहत अब तक लगभग 10 लाख स्कूली छात्राओं को राज्य सरकार आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से अपील किया कि अब आप अपने बच्चों की पढ़ाई की चिंता बिल्कुल न करें। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए 15 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

### सफल और प्रभावी रहा सर्वजन पेंशन योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के लोगों की समस्याओं का समाधान हो, इसके लिए पंचायत-पंचायत, गांव-गांव, टोला-टोला में आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर आपकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया तथा राज्य सरकार के पदाधिकारी को भेज कर आपके हरेक समस्या एवं परेशानियों का समाधान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव स्तर पर आपकी समस्याओं से अवगत हुए और आप सभी के उम्मीद और आकांक्षाओं के अनुरूप योजनाएं बनाई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने यहां के वृद्धजनों के परेशानियों को देखते हुए सर्वजन पेंशन योजना की शुरुआत की।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बेबी देवी, सांसद सुखदेव भगत, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक राजेश कच्छप, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक विकास सिंह मुंडा, विधायक जिगा सुसारन होरो, विधायक भूषण तिर्की, पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, जीपी अनुराग गुप्ता, आईजी रांची अखिलेश झा, डीआईजी रांची अनूप बिरथरे सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में लाभुक महिलाएं उपस्थित रहे।



### बड़ी संख्या में हुई सरकारी नियुक्तियां

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले 4 वर्षों में हजारों की संख्या में सरकारी नियुक्तियां की है। विभिन्न विभागों में लगभग 45 से 50 हजार सरकारी नियुक्तियां की गई हैं वहीं 45 हजार सरकारी नियुक्तियों का कार्य प्रगति पर है। निजी क्षेत्र में भी अब तक डेढ़ से 2 लाख लोगों को रोजगार से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जब तक उनकी सरकार है नियुक्तियों का सिलसिला जारी रहेगा।

### आने वाले 5 वर्षों में राज्य के 20 लाख आवास विहीन परिवारों का होगा अपना आशियाना

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य की आधी आबादी जिनका उम्र 21 से 50 वर्ष है उन्हें हर वर्ष 12 हजार रुपए देने का निर्णय लिया। आज इस योजना से करीब 50 लाख महिलाएं जुड़ चुकी है जिनके खाते में सम्मान राशि जा हस्तांतरित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में आपकी अपनी सरकार है। सोना सोबरन योजना के तहत आपको वर्ष में दो बार वस्त्र देने का कार्य किया जा रहा है।अब आने वाले समय में चिन्हित सभी 20 लाख लोगों को तीन कमरों वाला पक्का मकान से आच्छादित किया जाएगा।

### राज्यवासियों के लिए 200 यूनिट बिजली फ्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्यवासियों के लिए 200 यूनिट बिजली फ्री कर दिया है। गरीबों का बकाया बिजली बिल भी माफ कर दिया गया है। इससे संबंधित आदेश जल्द निर्गत कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार साल में 12 हजार रुपए देने के लिए झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना लेकर नही आयी है बल्कि आने वाले 5 साल में हम हर घर में 1 लाख रुपए की सहायता राशि पहुंचाएंगे। यह सहायता राशि कैसे आपके घरों तक पहुंचेगी वह मेरी जिम्मेदारी है। अब 21 से 50 वर्ष के उम्र की बेटी-बहनों को ही नहीं बल्कि 18 वर्ष से ऊपर उम्र की बेटी-बहनों को भी इस योजना से जोड़ा जाएगा।

### दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में कुल 70,49,27,000 रुपये की सम्मान राशि हस्तांतरित की गई

मौके पर मुख्यमंत्री द्वारा दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत झारखंड ÷मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना÷ के तहत राँची जिले में कुल 33,54,95,000 रुपये की सम्मान राशि प्रदान किया गया। वहीं खूंटी जिले में कुल 7,52,93,000 रुपये की सम्मान राशि, गुमला जिले में कुल 13,65,60,000 रुपये की सम्मान राशि, लोहरदगा जिले में कुल 8,07,81,000 रुपये की सम्मान राशि, सिमडेगा जिले में कुल 7,67,98,000 रुपये की सम्मान राशि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान की गई। इस प्रकार दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में कुल 70,49,27,000 रुपये की सम्मान राशि हस्तांतरित कर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम बढ़ाया है।

## दो लाख तक लोन वाले किसानों को मिलेगा झारखंड कृषि ऋण माफी योजना का लाभ : मंत्री



**एजेंसी**

**रांची** : कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बुधवार को विभागीय अधिकारियों के साथ कृषि और कृषि से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक की। मौके पर विभागीय अधिकारियों का मनोबल बढ़ाते हुए दीपिका ने कहा कि सभी अधिकारी टीम वर्क के तहत काम करें और काम ऐसा होना चाहिए, जिससे सरकारी योजनाओं का फायदा राज्य के अंतिम कृषक तक पहुंच सके। नेपाल हाउस के सभागार में हुई इस बैठक में कृषि निदेशक कुमार ताराचंद ने बताया की वित्तीय वर्ष 2024 में कृषि निदेशालय से संबंधित योजनाओं का लाभ राज्य के लगभग 4 लाख 12 हजार किसान बंधुओं को दिया गया है और 2 लाख से अधिक किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचने की उम्मीद है। झारखंड कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत वैसे किसान जिनकी बकाया राशि दो लाख रुपये तक है उन्हें चिह्नित कर लिया गया है तथा उनकी ऋण माफी इसी माह में कर दी जायेगी। झारखंड राज्य मिलेट मिशन के अंतर्गत अभी तक 9722 किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है पंजीकरण की प्रक्रिया अभी चालू है, जिसका लाभ राज्य के कृषक उठा सकते हैं। किसान समृद्धि योजनान्तर्गत ग्राम सभा द्वारा पारित 4960 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

## ब्रुनेई के सुल्तान से मिले पीएम मोदी, हुए कई अहम समझौते

**एजेंसी**

**बंदर सेरी**: ब्रुनेई की द्विपक्षीय यात्रा के दूसरे दिन बुधवार को पीएम मोदी ने सुल्तान हसनल बोलकिया से लग्जरी पैलेस में मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच चेन्नई से बंदर सेरी के लिए सीधी उड़ान को लेकर अहम समझौता हुआ। ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया और उनके करीबी परिवार के सदस्यों ने इस्ताना नुरुल ईमान पैलेस में पीएम नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। ब्रुनेई भारत की %एक्ट ईस्ट नीति और भारत-प्रशांत के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण भागीदार है।÷ विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने दोनों नेताओं के बीच हुई अहम मुलाकात की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया एक्स पर शेयर करते लिखा कि यह महल 200,000 वर्ग मीटर में फैला हुआ है, जो विश्व का



सबसे बड़ा आवासीय महल है।प्रधानमंत्री मोदी ने आज ब्रुनेई के राष्ट्रपति को भारत आने के लिए आमंत्रित किया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि डॉ. एस जयशंकर और ब्रुनेई के परिवहन और सूचना संचार मंत्री पेंगिरन दातो शम्हारी पेंगिरन दातो मुस्तफा द्वारा सैटेलाइट और लॉन्च वाहनों के लिए टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और टेलीकमांड स्टेशन के संचालन में सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ।

## त्रिपुरा शांति समझौते पर लगी मुहर

**एजेंसी**

**अगरतला :** गृह मंत्रालय में बुधवार को भारत सरकार, त्रिपुरा सरकार, एनएलएफटी (नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा) और एटीटीएफ (ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स) के बीच त्रिपुरा शांति समझौते के ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए. इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा और अन्य लोग मौजूद रहे. गृह मंत्री अमित शाह ने भारत सरकार, त्रिपुरा सरकार, एनएलएफटी और एटीटीएफ के बीच समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर के बाद खुशी जताई. अमित शाह ने कहा,आज हम सभी के लिए खुशी की बात है कि 35 वर्षों से चल रहे संघर्ष के बाद आप हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं और संपूर्ण त्रिपुरा के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है.गृह मंत्री अमित शाह ने इस दौरान



प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की. उन्होंने कहा,जब से मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं तब से उन्होंने शांति और संवाद के जरिए सक्षम और विकसित पूर्वोत्तर का विजन देश के सामने रखा है. पूर्वोत्तर के लोगों और दिल्ली के बीच काफी दूरी थी. उन्होंने न केवल सड़क, रेल और हवाई संपर्क के माध्यम से इस दूरी को मिटाया बल्कि लोगों के दिलों के बीच की दूरियों को भी मिटाया. गृह मंत्री अमित शाह ने कहा,यह समझौता पूर्वोत्तर के लिए 12वां और त्रिपुरा से जुड़ा तीसरा समझौता है.अब तक लगभग 10,000 उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है, हथियार छोड़ दिए हैं और मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं.

### राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर में की चुनाव अभियान की शुरुआत, कहा

# जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाएंगे

**एजेंसी**

**जम्मू** : नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर में अपनी पार्टी के चुनाव अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने रामबान जिले के गुल सिंगल दान में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी इंडिया ब्लॉक सहयोगियों की मदद से केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर को फिर राज्य का दर्जा दिलाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि हम इस जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाना सुनिश्चित करेंगे, भले ही भाजपा चाहे या नहीं। हम इंडिया गठबंधन के बैनर तले सरकार पर राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए दबाव डालेंगे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग पूरे देश में नफरत और हिंसा फैला रहे हैं। देश में दो विचारधाराओं के बीच लड़ाई है एक तरफ भाजपा और आरएसएस के लोग नफरत फैला रहे हैं तो दूसरी तरफ हम मोहब्बत सम्मान और इज्जत की बात करते हैं।राहुल गांधी ने कहा



कि हमने नारा दिया है कि नफरत की बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है। हम लोगों को जोड़ते हैं और वह लोगों को तोड़ते हैं। नफरत का जवाब नफरत से नहीं दिया जा सकता, नफरत का जवाब मोहब्बत से ही दिया जा सकता है।उन्होंने कहा कि देश में पहली बार जम्मू कश्मीर राज्य का दर्जा छीनकर केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। देश में तेलंगाना, छत्तीसगढ़ सहित कई प्रदेश बने हैं लेकिन इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि जम्मू कश्मीर से राज्य का दर्जा छीनकर उसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया हो।राहुल गांधी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों का हक छीना गया है। हमें सबसे पहले जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा वापस देना है।

### कोलकाता के लग्जरी होटल में गायिका से छेड़छाड़, दो गिरफ्तार

**कोलकाता (एजेंसी):** कोलकाता के एक लग्जरी होटल में एक महिला संगीतकार के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। यह घटना मंगलवार रात को बाईपास के पास स्थित एक होटल में हुई।घटना के बाद उन्होंने पहले होटल प्रबंधन और फिर पुलिस से मदद मांगी। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को कोलकाता पुलिस की ओर से इस बारे में पुष्टि की गई।




# केतार पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** झारखंड राज्य हेमन्त सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में बुधवार को केतार पंचायत भवन के परिसर में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत की गयी।जिसका शुभारंभ मुखिया प्रमोद कुमार,उपप्रमुख सम्भू सिंह एवं बीपीओ नीरज कुमार पाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।उक्त कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी विकास कुमार सिंह ने उपस्थि लोगों से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया। वही शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल का प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत विभिन्न पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया जिसमें झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, खाद आपूर्ति, पेंशन, मनरेगा, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, वन सुरक्षा, विद्युत विभाग, जेएसएलपीएस, कल्याण सहित अन्य विभाग का स्टाल लगाए गए थे। बीडीओ ने सभी कर्मियों को निर्देशित किया की अंतिम व्यक्ति तक आवेदन को प्राप्त करने के बाद ही शिविर का समापन किया जाना है।उक्त शिविर मे मुखिया के द्वारा अन्नप्राशन एवं गोद भराई का कार्यक्रम किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों को मिलाकर अबुआ आवास सहित 753 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें नवाडीह गांव निवासी डोमन सिंह पिता स्व0 जयश्री सिंह का पेंशन समेत 17 आवेदन को ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पिछले तीन वर्षो से कार्यक्रम का सफल आयोजन वर्तमान सरकार द्वारा हो रहा है।सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रशासन,सरकार एवं जनता के बीच की दूरी को कम करना है।साथ ही विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए योग्य लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित भी करना है। इस मौके पर रामविचार साहू, छोटन सिंह, दिलीप गुप्ता सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## धान के खेत से महिला का शव बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बनसानी पंचायत के लल्हकी दामर टोला में एक महिला का शव घर से 100 मीटर की दूरी पर धान खेत में पाया गया है। जिसकी पहचान राजेंद्र भुइयां की पत्नी ललिता देवी बताया जा रहा है।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एस आई दिनेश सिंह, नारायण यादव दल बल के साथ पहुंचकर घटना का जांच पड़ताल में जुट गए है। महिला के शव के पीठ पर जले का निशान है जिसे किसी केमिकल या तेल से जलाने का प्रयास किया गया है।घटना के बारे में बताया जाता है की राजेंद्र भुइंया और उसका बड़ा 17 वर्षीय पुत्र एमपी जबलपुर में कार्य करते है। घर पर महिला अपने छोटे पुत्र के साथ रहती थी।मृतक के पुत्र ने बताया कि में पढ़ने 8बजे स्कुल जा रहा था तब माँ घर पर थी। वही अपराह्न दो बजे ग्रामीण ने धान के खेत में महिला का शव को देख थाने को सुचना दिया।बताया जाता है की महिला महुवा शराब का भी अधिक सेवन करती थी। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि देखने से महिला कि हत्या हुई है ऐसा प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ बताया जा सकता हैं।

## दो वर्ष बाद भी नहीं मिला दिलनवाज, परिजन परेशान



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिला अंतर्गत हैदरनगर थाना क्षेत्र के कबरा खुर्द गांव निवासी स्वर्गीय मोफीजुद्दीन के पुत्र शैख दिलनवाज अपने पिता के फातेहा के बाद 22 नवंबर 2022 को चंडीगढ़ के लिए रवाना हुआ था। वह चंडीगढ़ में ही काम करता था। घर से जाने के बाद से उसका फोन लगातार बंद मिलता है। घर के लोगों ने हैदर नगर थाना में सनहा दर्ज कराने के बाद सभी संभावित ठिकानों पर ढूंढा मगर आज तक उसका कोई पता नहीं लग सका है। उसके भाई, माता व परिवार के लोग उसे ढूंढने की कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने आम लोगों से आग्रह किया है कि किसी को दिलनवाज के विषय में कोई जानकारी मिले तो नजदीक के थाना या इस नंबर पर सूचना दे सकते हैं।

## बूढ़ीवीर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ विधिवत उद्घाटन

**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के बूढ़ीवीर पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखण्ड प्रमुख गायत्री देवी,उप मुखिया लक्ष्मण चौधरी अन्य नें दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख व अन्य ने शिविर में आये लोगों से सरकारी योजना का लाभ लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं से वंचित रहने वाले लोग अपने-अपने जरूरत के हिसाब से सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए अपना फॉर्म अप्लाई कर सकते हैं।

## जपला आरपीएफ ने महिला बोगी में यात्रा कर रहे सात व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जपला आरपीएफ पोस्ट के निरीक्षक राजेश कुमार मीणा व आरपीएफ पुलिस बल के जवानों ने डेहरी-बरवाडीह पैसेंजर ट्रेन में एक अभियान चलाकर महिला बोगी में अनधिकृत रूप से यात्रा कर रहे 7 लोगों को गिरफ्तार कर मेदिनीनगर जेल भेज दिया। इस संबंध में आरपीएफ पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार मीणा ने बताया कि डेहरी-बरवाडीह शटल पैसेंजर सवारी गाड़ी में विशेष अभियान चलाकर सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमे चार महिला बोगी में व तीन दिव्यांग बोगी में अनाधिकृत रूप से यात्रा कर रहे थे। गिरफ्तार लोगों को अग्रेतर कारवाई के लिए मेदिनीनगर रेल न्यायालय भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि अनधिकृत रूप से यात्रा कर रहे लोगों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। अभियान में मुख्य रूप से आरपीएफ़ के एएसआई जेपी यादव, दिनेश प्रसाद, अनवर हुसैन, एसके राय आदि शामिल थे।

## आरजेडी के जिला सचिव लल्लू व अनुमंडल अध्यक्ष बने खुर्शीद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** आरजेडी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव की उपस्थिति में आरजेडी के पलामू जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार पासवान ने बुधवार को हुसैनाबाद स्थित पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव के आवासीय परिसर में नवमानोनित पार्टी पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र सौंपा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार पासवान ने पार्टी का जिला सचिव लालन उर्फ लल्लू सिंह, हुसैनाबाद अनुमंडल अध्यक्ष शेख खुर्शीद अहमद व हैदर नगर प्रखंड अध्यक्ष शमीम अख्तर खान को मनोनित किया है। जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार पासवान द्वारा मनोनयन पत्र सौंपने के बाद प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने नवमानोंनित पदाधिकारियों सम्मानित फूल माला व बुके देकर किया। इस मौके पर श्री यादव ने कहा कि आरजेडी सभी को साथ लेकर चलने की राजनीति में विश्वाश रखती है। उन्होंने कहा कि पार्टी के संचालन के लिए किसी को जिम्मेदारी देना जरूरी होता है। आरजेडी का एक एक कार्यकर्ता का भी उतना ही महत्व है, जितना प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के नेता का है। उन्होंने कहा कि नवमानिनित पदाधिकारियों के नेतृत्व में पार्टी का संगठन और भी मजबूत होगा। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद पार्टी के सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओ का आह्वान किया कि वह बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने में जुट जाएं। मौके पर आरजेडी के प्रदेश महासचिव मनदीप पासवान, सचिव रिजवान खान, कलामुद्दीन खान के अलावा कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चैनपुर मुखिया संघ रांची धरना में हुआ शामिल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** झारखंड मुखिया संघ की ओर से रांची के डॉ जाकिर हुसैन पार्क में जारी अनिश्चितकालीन धरना कार्यक्रम में बुधवार को चैनपुर प्रखंड मुखिया संघ शामिल हुआ। इस दौरान चैनपुर प्रखंड के मुखिया गणों ने धरना पर बैठकर प्रदेश संगठन के इस कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। साथ ही सरकार की उपेक्षा पूर्ण नीतियों का विरोध किया। कार्यक्रम में संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोमा उरांव ने मुखिया गणों की एकजुटता पर बल दिया एवं मांगे माने जाने तक अनिश्चित कालीन धरना पर डटे रहने का आह्वान किया। चैनपुर प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार ने मुखिया के संवैधानिक अधिकारों में कटौती कर दी है। अबुआ आवास योजना में मुखिया की सहभागिता गौण कर दी गई है। जमीन स्तर पर कार्य करने वाले मुखिया की सरकार उपेक्षा कर रही है। कार्यक्रम में भाग लेने वालों में मुखिया संघ के सचिव नितेश कुमार सिंह, मुखिया निर्मला देवी, पार्वती देवी, स्मृति देवी, अनिता देवी, बसंत भुईयां, लाल बहादुर भुइयां, दीनानाथ राम समेत मुखिया प्रतिनिधि दिलीप कुमार पासवान, दिनेश पासवान, विजय बैठा,शिव शंकर चौधरी सहित कई लोग शामिल थें।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का गरबांध पंचायत में किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर उंटारी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गरबांध में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पंचायत भवन गरबाँध में किया गया। कार्यक्रम का शुभारभ प्रखंड विकास पदाधिकारी नगर उंटारी सुश्री अदिति गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि लालमोहन यादव, मुखिया सिबिष्टियानी देवी, प्रखंड कार्यालय प्रधान अनिल कुमार सिंह, उपमुखिया के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोसलिस्ट राम, प्रभारी पंचायत सचिव विकास कुमार, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्ञान चंद्र केशरी, प्रखंड समन्वयक रामकिशुन राम, ग्राम सेविका उषा देवी, लालती देवी, लघु कुटीर उद्योग समन्वयक सुमित कुमार, लिपिक मनोज कुमार, वेद प्रकाश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड संवन्यक पंचायत राज कौशल कुमार ने किया।

## भाजपा नेता ज्योति पांडे ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** भाजपा जिला महामंत्री सह डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा के युवा नेता ज्योति पाण्डेय ने जनसम्पर्क अभियान के दौरान सलतुआ पंचायत के सभी जनता एवं वहां के जनप्रतिनिधियों से मुलाकात किया। जनता से मुलाकात के क्रम में लोगों को संबोधित करते हुए ज्योति पांडे ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं, किसानों, युवाओं एवं गांव के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं आजादी के बाद कई दसको तक जिन स्थानों पर विकास की किरणें नहीं पहुंची थी वहां केंद्र की योजनाओं के द्वारा सड़क, पानी, बिजली, गरीबों को मकान एवं स्वास्थ्य सुविधाएं का लाभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा लाए गए जन कल्याणकारी योजनाओं के बदौलत मिल पा रहा है राज्य सरकार अपने अंतिम कार्यकाल मे लोक लुभावन योजनाओं का फार्म भरवा कर जनता को दीग भ्रमित करने का काम कर रही हैं। इस सरकार से हमें छुटकारा मिल जाए और फिर से राज्य में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार आए। जनसंपर्क अभियान में ईश्वरी प्रसाद, मुखिया हरिद्वार सिंह, सोनू कुमार गुप्ता, ज्वेलर्स गुप्ता, चंदन कुमार, सीताराम सिंह, योगेंद्र सिंह, छात्रधारी प्रसाद, दिलीप ठाकुर, अंकु गुप्ता, राम जीप्रसाद, जितेंद्र सिंह, दीनानाथ सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, प्रवीण दुबे धीरज दुबे आलोक तिवारी ग्रामीण सहित कई लोग मौजूद थें।

## जिप उपाध्यक्ष सह झामुमो नेता आलोक को पितृशोक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** ज़िला परिषद उपाध्यक्ष सह झामुमो युवा नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ़ टुटू सिंह के 96 वर्षीय पिता श्यामदेव सिंह ने 04 सितंबर, दिन बुधवार को दोपहर 01 बजे अपने जीवन की अंतिम साँस ली। वे विगत कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे अपने पीछे चार पुत्रों, क्रमशः उमेश कुमार सिंह, दिनेश कुमार सिंह, रमेश कुमार सिंह एवं आलोक कुमार सिंह उर्फ़ टुटू सिंह व तीन पुत्रियों समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनका दाह-संस्कार 05 सितंबर 2024, दिन गुरुवार को सोन नदी के तट पर प्रातः 08 बजे किया जाएगा। उनके निधन की ख़बर पाकर विभिन्न राजनीति, सामाजिक एवं शैक्षणिक दल के लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। विगत हो कि स्व. श्यामदेव सिंह सामाजिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे, उनके निधन होने से सामाजिक स्तर पर काफ़ी क्षति हुई है, उसकी भरपाई कर पाना असंभव है। नम आँखों से ज़िप उपाध्यक्ष



आलोक कुमार सिंह उर्फ़ टुटू सिंह ने बताया कि आज मेरे जीवन का सबसे कठिन दिन है। मेरे पूज्य पिताजी, जिन्होंने अपना पूरा जीवन सेवा और परोपकार में बिताया, अब हमारे बीच नहीं रहे। उन्होंने अपने 96 वर्ष के जीवनकाल को सेवा, परोपकार और सादगी के मार्ग पर चलते हुए बिताया। पिताजी का हर कार्य दूसरों की भलाई और समाज के उत्थान के लिए समर्पित था। उनका यह जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उनके स्वर्गवास से मैंने एक सच्चा मार्गदर्शक और संरक्षक खो दिया है, लेकिन उनके आदर्श और यादें मेरे दिल में हमेशा जीवित रहेंगी। ईश्वर से प्रार्थना है कि पिताजी की आत्मा को अपने श्रीचरणों में जगह दें।

## बिरला ओपन माइंड विद्यालय के भवन निर्माण हेतु सम्पन्न हुआ भूमि पूजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** रमना प्रखंड के सिरियाटोंगर में बुधवार को बिरला ओपन माइंड विद्यालय के भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। विद्यालय के निदेशक मनीष सिंह सोनू के पिता बिरेन्द्र सिंह सपत्नीक ने विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया। मौके पर उपस्थित विद्यालय के निदेशक मनीष सिंह ने बताया कि विद्यालय में शिक्षण कार्य सत्र 2025-26 में प्रारम्भ हो जायेगा। उन्होंने बताया कि यहां नर्सरी से 8वीं कक्षा तक कि पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम से होगी. शिक्षाविद शारदा महेश प्रताप देव ने कहा कि अभी भी यह क्षेत्र शिक्षा के मामले में काफी पीछे है। ऐसी स्थिति में शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक कार्य किया जाना चाहिये। उन्होंने इस विद्यालय के भूमि पूजन के अवसर पर कहा कि यह एक सराहनीय कार्य है। इससे क्षेत्र का शैक्षणिक विकास होगा। गरीब अभिभावक भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला सकेंगें। मौके राम श्रृंगार चौबे, इंदल सिंह, इन्दु सिंह, विद्यालय के निदेशक मनीष सिंह, विनोद सिंह, विद्या सिंह, बैजनाथ सिंह, उदय सिंह, उमेश सिंह, अशोक सिंह, अनुज सिंह,रामवृक्ष पासवान, जयराम पासवान, अमित शुक्ला, गुड्डू चौबे, आशुतोष सिंह, डब्लू शुक्ल, अशोक जायसवाल, कामेश्वर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बलीगढ़ पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुक्रवार को



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत बलीगढ़ पंचायत सचिवालय के प्रांगण में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उक्त शिविर में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना राशन, पेंशन, अबुआ आवास, पशुपालन, सावित्री बाई फुले किशोरी योजना, मनरेगा, पंद्रहवें वित्त, श्रम विभाग, कृषि विभाग, भूमि संबंधित, गुरुजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड, केसीसी लोन, पेयजल सहित अन्य योजनाओं का लाभ देने के लिए ग्रामीणों से आवेदन लिया जायेगा। साथ ही ऑन द स्पॉट योजनाओं का लाभ निःशुल्क योग्य लाभुकों को दिया जाएगा। इसका जानकारी पंचायत के मुखिया ललिता कुमारी ने दी है।

## खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को दी गई विदाई



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार का तबादला दुमका जिला में हो गया है। इसी क्रम में बुधवार को पलामू जिला खनन कार्यालय में आनंद कुमार का स्वागत शह विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विदाई सम्मान समारोह में खनन विभाग के सभी कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे। सभी कर्मियों ने उन्हें शॉल ओढ़ा कर माला पहनाकर स्वागत किया। वही मौके पर उपस्थित खनन विभाग के लिपिक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि स्थानांतरण व सेवानिवृत्ति एक प्रक्रिया है। सभी सरकारी गैर सरकारी कर्मचारियों को इस दौर से गुजरना पड़ता है। इसलिए हमें कभी भी अपने क्षेत्र के लोगों की समस्या से घबराना नहीं चाहिए।जहां तक हो सके लोगो के कार्य को करने का काम करना चाहिए।वही मौके पर उपस्थित विनोद कुमार मेहता ने कहा कि पदाधिकारियों का आना- जाना लगा रहता है। परंतु कुछ पदाधिकारी ऐसे हैं भी होते हैं जो अपना कार्य की बदौलत छाप छोड़ जाते हैं। जिसे लोग भूल नहीं पाते हैं। इसी तरह हमारे खनन पदाधिकारी आनंद कुमार भी हैं जो लोगों को हरदम याद आते रहेंगे। मौके पर लिपिक अरुण कुमार सिंह, खान निरीक्षक हरेंद्र कुमार, सुभम कुमार, सतीश प्रभाकर, विकाश कुमार, शशि कुमार, पिंटू, सोनू, दिनेश सहित अन्य स्टाफ मौजूद थे।

# शिक्षक का काम बच्चों को संस्कार की शिक्षा देना है : सोमा खंडैत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** पंडित विंदेश्वर पांडेय मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित विश्रामपुर रेड रोज पब्लिक स्कूल में बुधवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कई कार्यक्रम भी आयोजित किया गया.कार्यक्रम का उद्घाटन विश्रामपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बक्सराय व निदेशक राजन पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.इसके बाद अतिथियों द्वारा देश के प्रथम उप राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया गया। सोमा खंडैत ने कहा कि शिक्षक का काम सिर्फ किताबी शिक्षा देना ही नही बल्कि उन्हें अनुशासित व संस्कारिक बनाना भी होता है। बच्चों को व्यावहारिक और सामाजिक ज्ञान देना भी होता है। उन्होंने कहा कि आज रचनात्मकता के साथ शिक्षा जरूरी है। बच्चे उसे कितना अपने व्यवहार में लाते हैं, इस पर भी विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों व अभिभावकों को नजर रखना होगा। रामचंद्र यादव ने कहा कि एक विद्यार्थी के जीवन में शिक्षक का महत्व ज्यादा है। वहीं बतौर शिक्षक सभी को अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना होगा, तभी सभी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है.निदेशक राजन पांडेय ने कहा कि दुनिया में गुरु से बड़ा कोई नही है। इसलिए शिष्यों को गुरु का आदर करते हुए अनुशासन में रहना चाहिए। श्री पांडेय ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस दौरान स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्कूल प्रबंधन द्वारा शिक्षकों - शिक्षिकाओं व अतिथियों को सम्मानित भी किया गया। मौके पर समाजसेवी बिजय कुमार रवि, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, शिक्षिका पम्मी कुमारी, संध्या कुमारी, अदिति, पल्लवी, सबूना बानो, मोनू कुमार, मेघा कुमारी, सरीता कुमारी, सुशांत कुमार, रूद्र नारायण, ब्रजेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# अनुबंधकर्मियो का अनिश्चित कालीन हड़ताल तेरहवें दिन भी रहा जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** झारखण्ड लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फोडरेशन के आह्वहन पर विश्रामपुर नगर परिषद के अनुबंधकर्मियो का अनिश्चित कालीन हड़ताल बुधवार को तेरहवें दिन भी जारी रहा। अपनी मांगों को लेकर आज भी हड़ताली कर्मियों ने नगर परिषद कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। आज के धरना मे बसपा नेता गोपाल राम भी अपने समर्थकों व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। अनुबंधकर्मियो ने अपना छः सूत्री मांग पत्र गोपाल राम को सौंपते हुए उनसे सरकार पर दबाव बनाने का अपील किया। गोपाल राम ने आश्वस्त किया कि अनुबंधकर्मियो की आवाज को हर स्तर पर बुलंद किया जायेगा। फोडरेशन के विश्रामपुर इकाई अध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि हमारी मांग जायज है। जब तक सभी मांगें नहीं मानी जायेगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर डॉ. राजेश राम, बिहारी पासवान, फोडरेशन उपाध्यक्ष मुबारक अंसारी, दीपक चंद्रवंशी, सुबोध केशरी, रवि कुमार, सुमित कुमार, राजेश प्रसाद, नीरज कुमार सहित निकाय के सभी अनुबंधकर्मी मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में 40 वर्षीय महिला घायल स्थित गंभीर

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गढ़वा जिला के चिनिया गांव निवासी कलीम अंसारी की पत्नी जयबुन बीबी उम्र 40 वर्ष बुधवार की दोपहर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि जयबुन बीबी बुधवार की दोपहर अपने दामाद के साथ बाइक पर सवार होकर मेदिनीनगर इलाज करवाने जा रही थी। इसी बीच रास्ते में बाइक से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेजे अस्पताल लाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड उंगुलान मोर्चा के बैनर तले मजदूर एकता महासंघ का हुआ गठन

**रांची:** दुर्गा सोरेन चौक पर झारखंड उंगुलान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष रवि पीटर के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष रवि पीटर के द्वारा मजदूर एकता महासंघ का गठन किया गया और पार्टी में शामिल नए पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। पार्टी में शामिल नए पदाधिकारियों में धनंजय वर्मा को अध्यक्ष, मो एजाज आलम को मीडिया प्रभारी सह कोषाध्यक्ष, आरती यादव को महिला अध्यक्ष , डा आर पी मंडल को प्रदेश सलाहकार, बुद्धेश्वर पाहन को उपाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी को पार्टी में शामिल एवं स्वागत किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष जी ने वहां उपस्थित सभी मजदूर भाई बहनों को कहा की अब से आप सभी मजदूर भाई बहनों की समस्या को हमलोग सुनेंगे और उसका हल भी निकलेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय वर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा की आप सभी मजदूर भाई बहन एक जुटता में आए और अपने हक़ और अधिकार के अभियान में हमारा साथ दें।

### आई लव यू फिल्म का ट्रेलर लॉन्च

**रांची :** गिरिराज फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनी नागपुरी फिल्म आई लव यू का ट्रेलर मेन रोड स्थित जेडी सिनेमा हाई स्ट्रीट मॉल में लॉन्च किया गया । आई लव यू अक्टूबर में दशहरा के बाद दर्शकों के बीच दर्शकों के लिए पूरी तरह तैयार है इसको लेकर एक बड़ा कार्यक्रम हाई स्ट्रीट मेंन रोड रांची में किया गया जहां, फिल्म के सितारों के बीच फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया इस खास मौके पर फिल्म के स्टार कास्ट समेत आई लव यू के मेकर से लेकर वरू टीम के सभी सदस्य मौजूद रहे यह फिल्म आई लव यू नागपुरी भाषा की रोमांटिक, एक्शन और ड्रामा फिल्म है जिसका निर्देशन विशाल वर्मा प्रोड्यूसर मुकेश गिरी ने किया है।

# झारखंड में महिला मुंशी पद के लिए आवेदन पत्र जारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड के हर थानों में महिला मुंशी के लिए आवेदन पत्र जारी कर दिया गया है। डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर यह आवेदन जारी किया गया है। आवेदन पत्र में महिला मुंशी बनने के लिए कई शर्तें भी रखी गई हैं। उन शर्तो को पूरा करने के बाद ही महिला पुलिसकर्मी थानों में मुंशी का काम कर पाएंगी।

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बुधवार को बताया कि महिला पुलिस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह तय किया गया था कि कम से कम शहर के हर थाने में महिला मुंशी की तैनाती की जाएगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी इस मामले को लेकर कई बार डीजीपी अनुराग गुप्ता से बात भी की थी। डीजीपी ने कहा कि थाने में जो भी महिला पुलिसकर्मी मुंशी बनकर जाए वह किसी दबाव में नहीं जाए, बल्कि खुद से तय करें कि उन्हें महिला मुंशी बनना है या नहीं। प्रभारी के बाद सबसे महत्वपूर्ण कार्य मुंशी का ही होता है। मुंशी को थाने में समय भी ज्यादा देना होता है। ऐसे में जो महिला पुलिसकर्मी 12 से 14 घंटे तक काम करने में सक्षम हैं वही महिला मुंशी के लिए आवेदन करें। आवेदन पत्र के ऊपर में यह लिखा गया है कि फॉर्म को वही महिला पुलिसकर्मी भरें जो थाना में आवश्यकता अनुसार लंबी अवधि यानी 12 से 14 घंटा कार्य करने के लिए तैयार हो। इसके लिए उन्हें अपने गृह जिला, वर्तमान पदस्थापना और इकाई का नाम लिखना है। फार्म भरते समय यह भी लिखना है कि आपको झारखंड के कौन से स्थानीय भाषा की जानकारी है। यदि आवेदन करने वाली महिला आरक्षी को झारखंड के किसी स्थानीय भाषा की जानकारी होगी तो उनकी वैसे ही थाने में पदस्थापना होगी, जहां जनजातीय समुदाय के लोग रहते हैं।

यदि महिला आरक्षी को बेहतरीन अंग्रेजी आती है तो उन्हें शहर के थानों में महिला मुंशी का काम दिया जाएगा। महिला मुंशी के पद पर आवेदन करने वाली महिला कांस्टेबल को हिंदी और अंग्रेजी टाइपिंग भी आनी चाहिए।

# भाजपा सरकार आएगी तो सभी समस्याओं का समाधान होगा : बाबूलाल मरांडी

**मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार को जनता की समस्याओं के समाधान से कुछ भी लेना देना नही है। उन्होंने धरना पर बैठे लोगो से कहा कि आप सब हेमंत सरकार से उम्मीद नहीं करें।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राजभवन के पास धरने पर बैठे झारखंड प्रदेश मुखिया संघ,झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ,झारखंड राज्य जल सहिया कर्मचारी संघ,झारखंड व्यवसायिक प्रशिक्षक संघ के प्रतिनिधियों से मुलाकात की,उनकी समस्याओं को सुना ,ज्ञापन लिए और भाजपा सरकार बनने पर उनके समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार को जनता की समस्याओं के समाधान से कुछ भी लेना देना नही है। उन्होंने धरना पर बैठे लोगो से कहा कि आप सब हेमंत सरकार से उम्मीद नहीं करें।यह सरकार केवल लूटने,लुटवाने केलिए बनी है। हेमंत सरकार कानून से नही बल्कि पंकज मिश्रा, पिंटू, प्रेमप्रकाश,जैसे दलाल बिचौलियों से चल रही है।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की बुनियाद ग्राम सभा पर टिका है। हेमंत सरकार ग्राम सभा को कमजोर कर सारे अधिकार को अपने अधिकार में रखना चाहती है।उन्होंने कहा कि धरना, की स्थिति तब पैदा होती है जब सरकार समस्याओं को सुनना नही चाहती। भाजपा मुखिया संघ के धरना के साथ खड़ी है।उन्होंने कहा कि वे राज्य सरकार को कहेंगे कि जन प्रतिनिधियों से बात कर समस्या का समाधान करे।उन्होंने आश्वस्त किया कि भाजपा सरकार आएगी तो सभी समस्याओं का समाधान होगा। ग्राम सभा को संवैधानिक अधिकार दिए जायेंगे।मरांडी के साथ धरना स्थल पर मिलने वालों में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव,रमाकांत महतो,शोभा यादव शामिल थे।

# मुख्यमंत्री आवास और इसके आस पास धारा 163 लागू

**निषेधाज्ञा 163 लागू**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** हाल के दिनों में पूर्व में निर्धारित स्थान जाकिर हुसैन पार्क की जगह कतिपय संगठनों/दलों द्वारा धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली इत्यादि राजभवन मुख्य द्वार, मुख्यमंत्री आवास, काँके रोड पर भी हो रहे हैं। इस प्रकार के कार्यक्रमों से सरकारी काम-काज में व्यवधान उत्पन्न होने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था बाधित होने एवं विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने तथा लोक परिशांति भंग होने की आशंका को देखते हुए अनुमंडल दण्डाधिकारी, सदर, राँची द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राँची सदर अनुमंडल अंतर्गत निम्नलिखित जगहों पर निषेधाज्ञा जारी की गयी है : मुख्यमंत्री आवास मोरहाबादी के चहारदीवारी से 100 मीटर की परिधि में। पुराना मुख्यमंत्री आवास काँके रोड के चहारदीवारी से 100 मीटर की परिधि में। राजभवन के चहारदीवारी से 100 मीटर की परिधि में (जाकिर हुसैन पार्क को छोड़ कर)। झारखण्ड उच्च न्यायालय के चहारदीवारी से 100 मीटर की परिधि में।यह निषेधाज्ञा 01.11.2024 (60 दिन) या अगले आदेश तक जो पूर्व लागू हो तक रहेगा।

# डा. महुआ माजी के समक्ष युवाओं ने जेएमएम का थामा दामन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी के आवासीय कार्यालय पहुंचकर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। राज्यसभा सांसद डॉ0 महुआ माजी ने सभी को पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर झारखंड मुक्ति मोर्चा में सम्मिलित कराया।

इस शुभ अवसर पर सांसद महोदया ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं झारखंड के युवा मुख्यमंत्री माननीय हेमंत सोरेन के कार्यों से प्रभावित होकर युवा बड़ी संख्या में लगातार झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम रहे हैं। यह बहुत खुशी की बात है।

कुमार अनिमेष के नेतृत्व में -सागर उपाध्याय, शिवांशु कुमार, उमेश कुमार सिंह, रोहित कुमार राय, गौरव कुमार, मनजीत कुमार, आकाश कुमार, सत्यम कुमार चौधरी, अविनाश यादव, बेक कुमार, शुभम चौधरी, अजय, सोहन यादव, रोहित यादव, यश राज, उमेश कुमार सिंह, समीर राज, मनदीप कुमार, आकाश कुमार, मनजीत कुमार, दीप गुप्ता, सुजीत, अमित कुमार, मनीष कुमार, गुड्डू कुमार, नितेश कुमार, विवेक घोष, आयुष घोष, प्रकाश सिंह, राजेश कुमार, कुलदीप कुमार, आर्यन मींज, शुभम, अभिषेक, सचिन, सुबोध कुमार, अतुल कुमार दास, अनुज कुमार, साहिल कुमार और आनंद भगत सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सोमवित माजी, नन्द किशोर सिंह चंदेल, अमित माजी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# दर्जनों युवाओं ने थामा युवा आजसू का दामन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बूटी मोड स्थित वार्ड नो 5 के दर्जनों युवाओं ने अभिषेक शुक्ला एवम आमिर के नेतृत्व में युवा आजसू का दामन थामा ।मौके पर मौजूद रांची महानगर संयोजक अभिषेक शुक्ला ने सभी नए सदस्यों का स्वागत अंगवस्त्र पहना कर किया। शुक्ल ने आगे कहा के रांची महानगर में युवा आजसू एक धारदार एवं सशक्त संगठन तैयार करने की ओर अग्रसर है। युवा आजसू रांची महानगर एवं राज्य के सभी युवाओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की तैयारी में है। मौके पर मौजूद युवा आजसू के आमिर ने कहा के वह एवं उनके सभी साथी आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो जी का जो राज्य के युवाओं के प्रति सच है वह सभी उस सोच प्रभावित होकर युवा आजसू में जुड़े है। आजसू की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से- आमिर, अरमान , वासिद ,सोहेब ,साहिल, शाहनवाज ,आदिल ,फिरदौस, अजीजुल, फैजान, हसीब,अफ़रीद, शकील, सलमान, के अलावा दर्जनों युवा साथी मौजूद थे।

# ब्राउन शुगर के साथ चार गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के सुखदेवनगर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर खरीद बिक्री करते चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में सुखेदवनगर थाना क्षेत्र के यमुनानगर निवासी प्रवीण कुमार साव उर्फ गोलू, अमित कुमार, अजित कुमार गुप्ता उर्फ हड्डा और कौशल सिंह शामिल है। इनके पास से 3.22 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाईल फोन बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना के मछली चौक विद्यानगर में अवैध मादक पदार्थो का खरीद बिक्री हो रही है। सूचना के बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने उक्त स्थान पर छापेमारी की। पुलिस टीम को देखकर आरोपित भागने लगे। भागने के क्रम में दो आरोपितों को पकड़ा गया। इसके बाद उनके निशानदेही पर अन्य दो आरोपितों को पकड़ा गया।

# सोना चमकाने के नाम पर दो ठग लाखों के जेवर लेकर फरार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र के रहने वाले एक बुजुर्ग दंपति से बुधवार को दो ठगों ने लाखों रुपये के गहने की ठगी कर ली है। बिहार सरकार से रिटायर कर्मी अजय कुमार और उनकी पत्नी फूलबदन देवी दोनों ही चुटिया थाना क्षेत्र में रहते हैं।

दो व्यक्ति उनके घर आए और दोनों ने कहा कि वे लोग मार्बल और टाइल्स को चमकाने का काम करते हैं। कंपनी की तरफ से उन्हें घर-घर भेज कर अपने प्रोडक्ट का प्रचार करने को कहा गया है। दोनों बुजुर्ग पति-पत्नी घर आए ठगों के झांसे में आ गए। पहले तो दोनों ठगों ने मार्बल और टाइल्स को केमिकल डाल कर चमका दिया फिर घर में ही रखे पीतल के दो बर्तनों को साफ कर दिया।

जब दोनों ठगों को लगा कि बुजुर्ग दंपति उनके झांसे में आ गए हैं। तब उन्होंने बुजुर्ग दंपति से यह कहा कि उनके पास सोना चमकने वाला पाउडर भी है।बुजुर्ग अजय कुमार ने बताया कि वे लोग ठगों के झांसे में आ गए। पत्नी ने अपने दोनों हाथों के सोने के कंगन और गले का हार ठगों को चमकाने के लिए दे दिया। अजय कुमार के अनुसार पाउडर में गहने रखने के दौरान कब दोनों ने गहने गायब कर दिए उन्हें यह पता ही नहीं चला। दोनों ठगों ने बुजुर्ग दंपति से कहा कि उन लोगों ने गहने पाउडर में डाल दिया है। आधे घंटे के बाद वह पाउडर से गहनों को निकाल लेंगे। गहने पूरी तरह से चमकते मिलेंगे। इतना कह कर दोनों ठग बुजुर्ग दंपति के घर से चले गए। दोनो ठगों के जाने के बाद जब बुजुर्ग दंपति ने पोटली खोला तो उसमें से सोने के सभी गहने गायब थे। इसके बाद बुजुर्ग दम्पति को यह समझ आ गया कि उनसे ठगी कर ली गई है। इसके बाद वे भागे भागे थाने पहुंचे और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। पुलिस तुरंत एक्शन में आई और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों आरोपियों की तलाश में शुरू कर दी। दोनों ठगों का चेहरा सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।

# मृतक की बेटी नीतू ने डायल112 पर दी पुलिस को सूचना, भाई गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** डायल 112 और 100 अब कारगार साबित हो रहे है। रांची पुलिस की टीम ने इस पर मिली सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक हत्यारे बेटे को दबोच लिया है। मामला ठाकुरगांव थाना क्षेत्र से जुड़ा है। पुलिस ने हत्यारे बेटे को पकड़ कर न्यायिक हिरासत में भेजेगी। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि हत्या शराब पीने को लेकर हुए विवाद के बाद हुई थी। डायल 112 की व्यापक प्रचार प्रसार का प्रभावी परिणाम अब सामने आ रहा है। एक हत्या की वारदात को समय पर रोका जा सका और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। नीतू कुमारी को भाई अमित उरांव ने बताया कि उनके पिता अब इस दुनिया में नहीं रहे। अमित ने नीतू को अंतिम संस्कार में भाग लेने और शव के दर्शन के लिए ठाकुरगांव बुलाया। जब नीतू ठाकुरगांव पहुंची, तो उसने पिता साधु उरांव की मौत की वजह पूछी, लेकिन भाई अमित कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दे पाया। नीतू ने शव की चादर हटाकर देखा तो चाकू के निशान मिले। जिसके बाद बेटी को शक हुआ और उसने डायल 112 पर सूचना दी। डायल 112 पर सूचना मिलते ही पुलिस आई एक्शन में नीतू ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को पूरी जानकारी दी। पुलिस की टीम ने गांव पहुंचकर जांच की और पाया कि साधु उरांव की मौत चाकू के घावों के कारण हुई थी। साधु उरांव की हत्या उसके बेटे अमित द्वारा की गई थी।

### ऑक्सीजन के अभाव में हुई विकास की मौत : आदित्य साहू

**रांची :** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू बुधवार को नामकुम प्रखंड के रामपुर गांव स्थित स्व. विकास लिंडा के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर शोक जताया। साथ ही पार्टी की ओर से सहानुभूति प्रकट की। विगत दिनों उत्पाद सिपाही दौड़ में घायल विकास लिंडा की मौत इलाज के दौरान हुई थी। प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, राकेश भास्कर, रामकुमार पाहन, अशोक मुंडा, मानकी राजेंद्र शाही आदि सांसद के साथ थे। साहू ने पार्टी की ओर से एक लाख रुपये की सहायता राशि भी प्रदान की।

# सरकार की गलत नीति के कारण मौत की दौड़ साबित हुई उत्पाद सिपाही बहाली : अमर बाउरी



**बाउरी ने कहा कि जब सरकार के पास ना नीति हो, ना नियत हो और ना सक्षम नेतृत्वकर्ता हो तो ऐसी ही घटनाएं होती हैं।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज झारखंड में भाजपा की सरकार होती तो पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बनाये गये नियम के चलते 13 से अधिक परिवारों का चिराग नहीं बुझता। हेमंत सरकार ने जो नियम बनाया, उसकी वजह से आज राज्य के युवाओं की मौत हो रही है। बाउरी ने कहा कि जब सरकार के पास ना नीति हो, ना नियत हो और ना सक्षम नेतृत्वकर्ता हो तो ऐसी ही घटनाएं होती हैं। झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार की गलत नीति के कारण ही उत्पाद सिपाही बहाली मौत की दौड़ साबित हुई। अमर कुमार बाउरी ने बुधवार को एक्स कर पोस्ट कर सरकार द्वारा चलाये जा रहे आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का जबरदस्त विरोध हो रहा है। जनता पूछ रही है कि पुराने आवेदनों का क्या हुआ। झूठ की रोपनी करने झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार आपके द्वार पहुंची है।

# सचिवालय सेवा के पदाधिकारी 10 से 12 सितंबर तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे




**सिद्धार्थ ने कहा है कि सचिवालय सेवा स्वीकृत कार्यबल की तुलना में लगभग आधे कार्यबल और सीमित संसाधनों के बावजूद राज्य सरकार की नीतियों के नियम एवं सदैव निष्ठा पूर्व सक्रिय रहता है।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड सचिवालय सेवा संघ के पदाधिकारी अपनी लंबित मांगों को लेकर 10 सितंबर से 12 सितंबर तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इस संबंध में सचिवालय सेवा संघ रांची के महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा की ओर से राज्य के सभी अपर मुख्य सचिव सरकार के सभी प्रधान सचिव सरकार के सभी सचिव सभी विभाग अध्यक्षों को पत्र लिख कर जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा है कि सचिवालय सेवा स्वीकृत कार्यबल की तुलना में लगभग आधे कार्यबल और सीमित संसाधनों के बावजूद राज्य सरकार की नीतियों के नियम एवं सदैव निष्ठा पूर्व सक्रिय रहता है। लंबे समय से लंबित अपनी उचित मांगों को लेकर हमेशा राज्य सरकार के समक्ष रखा गया है लेकिन अभी तक यह मांग पूरी नहीं हुई हैं। ऐसे में वह आंदोलन को मजबूर हैं।

# आरपीएफ रांची ने ऑपरेशन भूमि के तहत अवैध कब्जे को हटवाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मंडल में राँची स्टेशन से लेकर नामकुम तथा अरगोरा स्टेशन तक अवैध कब्जे को लेकर राँची मण्डल के मण्डल सुरक्षा आयुक्त, पवन कुमार को विभिन्न श्रोत से लगातार शिकायतें मिल रही थी, हालांकि ऑपरेशन भूमि के अंतर्गत अवैध कब्जे को हटाने के लिए राँची मण्डल मे आरपीएफ का विशेष सहयोग हरवक्त रहा है। मिली शिकायतों पर अमल करते हुए आरपीएफ मण्डल सुरक्षा आयुक्त ने लोकल पुलिस तथा डीआरएम हटिया ऑफिस के इंजीनियरिंग विभाग से इन अवैध कब्जे को लेकर समन्वय स्थापित कर एक स्पेशल ड्राइव का आयोजन कराया। उसी क्रम में दिनांक 03.09.24 को आरपीएफ पोस्ट, रांची साथ मे लोकल पुलिस चुटिया तथा आईओब्ल्यू वर्क, रांची साथ मिलकर रांची रोड स्टेशन से पंचवटी चौक तथा नेपाल हाउस से दुर्गा मंडप तक विशेष अभियान चलाया तथा कुल अवैध निर्मित 163 झोपड़ियों को हटाया गयाद्य कार्यवाही के दौरान किसी अनहोनी घटना की सूचना नहीं मिलीद्य आने वाले दुर्गा पूजा तथा छठ पर्व को लेकर भी राँची मण्डल के मण्डल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार काफी सजग दिखे तथा उसके सम्बन्ध मे राँची मण्डल के तमाम पोस्ट प्रभारी को उचित दिशा निर्देश भी जारी किया।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मना



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने सम्माननीय शिक्षकों के प्रति आभार और सम्मान व्यक्त करने के लिए स्कूल परिसर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया। यह समारोह हर्ष, सराहना और कृतज्ञता से भरा हुआ था। इस वर्ष का विषय था 'रेट्रो मेट्रो'। लाइव बैंड ने 90 के दशक की बॉलीवुड धुनों को प्रस्तुत किया, जिससे पुरानी यादें ताजा हो गई। इसके बाद शिक्षकों को समर्पित एक रैप प्रस्तुति दी गई। एक नाटक का मंचन किया गया जिसमें आधुनिक कक्षा का दृश्य जीवंत किया गया। दिन का समापन कुछ मजेदार खेलों, जैसे रिवर्स चेराड्स, के साथ हुआ। प्राचार्या, श्रीमती परमजीत कौर ने इस अवसर पर शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें प्रेरित किया कि वे अपने छात्रों से, जो उनके सर्वश्रेष्ठ शिक्षक हैं, लगातार सीखते रहें। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें अपनी पुरानी गलतियों से सीखते हुए, अपने व्यक्तिगत और व्यावहारिक जीवन में एक बेहतर इंसान बनने का प्रयास करना चाहिए।

## मईयां सम्मान योजना कार्यक्रम में खलारी से 1500 लाभुक हुए शामिल



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची में आयोजित मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमंत सोरेन के मईयां सम्मान योजना कार्यक्रम में खलारी से 1500 महिला लाभुक शामिल हुए। सभी लाभुकों को प्रखंड कार्यालय बुलाया गया था, जहां सभी को भोजन कराकर तीस बसों में बैठाकर कार्यक्रम स्थल नामकुम मिलिट्री हॉस्पिटल ग्राउंड के लिए सीओ प्रणव अम्बष्ट व जनप्रतिनिधियों ने झंडा दिखाकर बस को रवाना किया। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव इंदिरा देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष साबिर अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान, जेएसएलपीएस राम अवतार व प्रखंड अंचल के सभी कर्मी शामिल थे।

## गोरखो में पूर्व आईएएस अधिकारी परमेश्वर भगत ने ग्रामीणों के साथ की बैठक



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ परमेश्वर भगत ने बुधवार को मांडर प्रखंड के गोरखो में ग्रामीणों के साथ बैठक किया। बैठक में गांव की वर्तमान समस्याओं और विकास की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। श्री भगत ने गांव के विभिन्न क्षेत्रों में सुधार की जरूरतों पर जोर दिया। और आवश्यक उपायों की योजना बनाई। उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों में जागरूक रहने की अपील की।

## कमड़े में 5 दिवसीय ग्रामीण एकता सद्भावना फुटबॉल टूनामेंट का हुआ समापन



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को कमड़े में पांच दिवसीय ग्रामीण एकता सद्भावना फुटबॉल टूनामेंट का आखरी दिन हेसल सिटी एवं कच्छप ब्रदर्स काटू नहला के बीच फाइनल मैच खेलाया गया।फाइनल मैच मे मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की। मैच में विजेता एवं उपविजेता टीमों को अतिथियों के द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर कमड़े पंचायत की मुखिया नीलम तिर्की, सहीत कई लोग उपस्थित थे।

## झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर के बालिका अंडर-19 फुटबॉल टीम लखनऊ के लिए रवाना



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा की अंडर-19 बालिका फुटबॉल टीम खलारी रेलवे स्टेशन से लखनऊ उत्तर प्रदेश के लिए बुधवार को रवाना हुई। सभी फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों को सीबीएसई के द्वारा लखनऊ उत्तर प्रदेश में आयोजित ईस्ट जॉन गर्ल्स फुटबॉल टूर्नामेंट मे शामिल होना है। खेल शिक्षक गणेश कुमार महतो ने बताया है कि इस प्रतियोगिता का आयोजन 6 सितंबर से लेकर 9 सितंबर 2024 तक जागरण पब्लिक स्कूल लखनऊ में किया जाएगा इस प्रतियोगिता मे टीम कोच के रूप में गणेश कुमार महतो एवं टीम मैनेजर के रूप में अनुष्का कुमारी अपने टीम के साथ लखनऊ रवाना हुए। इस प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों का नामझ् सोनी कुमारी, कंचन कुमारी, अलका कुमारी, रिंकी कुमारी, नीता कुमारी, दीपिका कुमारी, संगम कुमारी, सुलेखा कुमारी, मोनिका कुमारी, राखी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सोनम कुमारी, शांति कुमारी, तृषा कुमारी एवं शिवानी कुमारी षामिल है। वहीं सभी खिलाड़ियों को झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा के निदेशक सह प्रधानाध्यापक महोदय अभिषेक कुमार चौहान एवं स्कूल के सभी शिक्षकों के द्वारा शुभकामनाएं दी गई है।

# सर्तकता जागरूकता अभियान को लेकर सीसीएल अधिकारियो ने की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय मे पिपरवार क्षेत्र के अधिकारियो की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक संजीव कुमार और संचालन कार्मिक एंव प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन ने किया।इस बैठक मे 16 अगस्त से लेकर 15 नवम्बर तक आयोजित होने वाले सर्तकता जागरूकता अभियान को लेकर चर्चा की गई।इस दौरान अगले तीन महीने तक सर्तकता जागरूकता अभियान के तहत पिपरवार क्षेत्र मे कराये जाने वाले विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता व कार्यक्रम को लेकर चर्चा करते हुए इसकी रूपरेखा तैयार की गई।बैठक मे सीसीएल मुख्यालय के आदेश पर पिपरवार क्षेत्र मे सर्तकता जागरूकता अभियान के तहत स्कुलो मे निबंध,पेन्टिग एंव भाषण प्रतियोगिता आयोजित करने,विस्थापित व प्रभावित क्षेत्रो मे स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने,खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करने,वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर लगाने, सेमिनार आयोजित कर लोगो को जागरूक करने सहित पुरूस्कार वितरण समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक संजीव कुमार ने कहा कि सर्तकता विभाग सीसीएल मुख्यालय के आदेश पर 16 अगस्त से लेकर 15 नवंबर तक पूरे सीसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है,जिसके तहत सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा भी कई प्रकार की प्रतियोगिता एवं कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।प्रतियोगिता एवं कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित भी किया जाएगा।इस बैठक के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को अभियान की सफलता को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारी एवं आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।बैठक मे जीएम संजीव कुमार,एसओपी नागेश गोपालन,एसओसी बिपिन बिहारी,एसओ ईएंडएम जेएन दता,एएफएम संगीत कुमार,मुकेश तोषांग,डॉ. एफआर साह,डीपी राय, डीके शर्मा,अरूण कुमार महतों,शिशिर गर्ग,हेमचन्द महतो,रवि बाड़ा सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

# पिपरवार के बेंती मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेती पंचायत सचिवालय में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टण्डवा बीडीओ देवलल उरांव और विशिष्ट अतिथि मे टण्डवा अंचलाधिकारी बिजय दास और मुखिया सरिता देवी ने फीता काट और द्वीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस शिविर में टंडवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाया गया। जिसमें लोगों ने विभिन्न योजनाओं के लाभ को लेकर अपना-अपना आवेदन जमा किया।इस शिविर में कुल 1743 लोगों ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित अपना आवेदन जमा किया,जिसमें करीब 700 आवेदन का मौके पर ही निष्पादन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि झारखंड सरकार के आदेश पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पंचायत स्तर पर किया जा रहा है,जिसके माध्यम से पंचायत के लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। इसके अलावा शिविर के माध्यम से लोगों के बीच योजनाओं से संबंधित परिसंपत्तियों का वितरण किया जा रहा है।इस शिविर मे बीडीओ देवलाल उंराव, सीओ बिजय दास,जिला परिषद सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव,बीस सूत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी,मुखिया सरीता देवी, पंसस अनुप्रिया कुमारी, संजय रवानी,कम्प्यूटर ऑपरेटर शिव कुमार, अभिषेक कुमार,पंकज कुमार,अरविंद कुमार,गणेश भुईया,इजाजुल अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## पिपरवार जीएम संजीव कुमार ने किया महाप्रबंधक कार्यालय का निरीक्षण



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार ने बुधवार को विभागीय अधिकारियों के साथ महाप्रबंधक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ महाप्रबंधक कार्यालय के सभी विभागों के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और कार्यालय से जुड़ी समस्या की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान जीएम संजीव कुमार ने महाप्रबधंक कार्यालय के मुख्य द्वार का निर्माण,जर्जर भवन एंव कार्यालय की मरम्मति कराने,केन्टिन मरम्मति, शौचालय मरम्मति सहित पुरे महाप्रबंधक कार्यालय की सुंदरीकरण कराने को लेकर विचार विमर्श किया।इस दौरान जीएम संजीव कुमार ने उपस्थित अधिकारियों के साथ कई बातों पर चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।इस मौके पर जीएम संजीव कुमार,कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन,स्टाफ ऑफिसर सिविल बिपिन बिहारी,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,भूमि एवं राजस्व विभाग के मोहनलाल सिंह,आरएन गौतम,इंद्रजीत सिंह,डीके शर्मा,मुकेश तोषांन,शंभु शरण प्रसाद सहित कई विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद थे।

# हेंजदा कुसुमटोला में रैयत विस्थापित की बैठक में पुनर्वास को लेकर चर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** पुरनाडीह परियोजना के हेंजदा ग्राम कुसुम टोला में रैयतों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बालेश्वर उरांव ने की। बैठक में नौकरी, मुआवजा एवं पुनर्वास पर चर्चा किया गया। बैठक में बालेश्वर उरांव ने कहा कि यहां के रैयतों ने वर्ष 2009 से ही अपनी जमीन खनन के लिए बिना नौकरी मुआवजा एवं पुनर्वास के लिए दे दिया था। पुरनाडीह परियोजना लगातार इतने वर्षों से खनन कर रही है, अब परियोजना को चलने-चलाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसका पूर्ण जिम्मेवार प्रबंधन की है, क्योंकि इतने वर्षों में प्रबंधन यहां के रैयतों को मुआवजा पुनर्वास अभी भी नहीं दे पाई है। जिसके कारण यहां के लोगों को पुनर्वासित करने में काफी समस्या हो रही है। कहा कि अभी पुनर्वास स्थल में काम नहीं हो पाया, जबकि यहां के लोगों से बिना बात किए आनन-फानन में काम करवाया जा रहा है और पूरा का पूरा पुनर्वास स्थल सड़क से काफी नीचे हो गया है। जिसके वजह से यहां के रैयत वहां विस्थापित होना नहीं चाह रहे हैं। जबकि कई बार अपनी पुनर्वास और मुआवजा को लेकर धरना प्रदर्शन कर मांग पत्र सौंपा गया। फिर भी प्रबंधन की नींद नहीं खुली और आज प्रबंधन की नाकामी के वजह से यहां जमीन नहीं खाली हो पा रहा है और परियोजना खनन नहीं कर पा रहा है। रैयतों ने कहा कि अभी भी यहां के रैयतों को व्यवस्थित तरीके से पुनर्वास एवं सभी तरह का मुआवजा मिल जाए तो परियोजना चलने में सुविधा होगी और अभी जमीन नहीं मिलने की बात कहकर प्रबंधन संडे एवं पीएचडी बंद करवा रही है। जबकि प्रबन्धन जमीन खाली नहीं करवा पा रहा है। अगर विस्थापितों का संडे पीएचडी में कटौती किया जाएगा तो परियोजना को अनिश्चितकाल के लिए बंद करवा दिया जाएगा। इस बैठक में बालेश्वर उरांव, बिगन उरांव, महेंद्र उरांव, प्रदीप , संतोष ,अर्जुन ,आनंद उरांव, विनय उरांव, हिरवा उरांव, बहरा मुंडा ,राहुल गंझु, महेंद्र, बाजे उरांव, कामेश्वर उरांव, नागेश्वर उरांव, कृष्णा उरांव, सर्वजीत उरांव, कालेश्वर उरांव, असरीफा उरांव, सोहन उरांव, जागेश्वर उरांव, जय उरांव, ब्रजेश उरांव, रमेश करमाली, राजेश उरांव, किसुन करमाली आदि रैयत मौजूद थे।

# डी.ए.वी. नेशनल स्पोर्ट्स राज्य स्तरीय मे डी.ए.वी. महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया बेहतरीन प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिल्ली :** राज्य स्तरीय डी.ए.वी. नेशनल स्पोर्ट्स विभिन्न डी.ए.वी. पब्लिक स्कूलों में आयोजित कराया गया। जिसमें डी.ए.वी. सिल्ली के बच्चों का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। वुशु चैंपियन आयोजित-डी. ए. वी. बिस्टुपुर अंडर 14 बालिका (आर्या रानी) स्वर्ण पदक, अंडर 14 बालक (रितेश कुमार महतो)रजत पदक स्वर्ण पदक (झारखंड बेस्ट वुसु प्लेयर अवॉर्ड ट्रॉफी से सम्मानित)कराटे चैंपियन आयोजित - अग्रसेन डी. ए. वी. रामगढ़ अंडर 14 बालक (लकी सिंह) रजत पदक, अंडर 14 बालक (मो.जीशान रजा) रजत पदक,तैराकी चैंपियन आयोजित- डी.ए.वी. कपिलदेव (रांची)अंडर 14- बालिका (आरती उरांव)स्वर्ण पदक अंडर 14- बालिका (जोशिकाउरांव) 2 स्वर्ण पदक रोप स्किपिंग? चैंपियन आयोजित- डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल (डाल्टनगंज) ( रोप स्किपिंग? चैंपियन ट्रॉफी से सम्मानित) अंडर 14 बालिका ( पुरवा कुमारी) स्वर्ण पदक, अंडर 14 बालिका ( अनुष्का कुमारी) स्वर्ण पदक तथा रजत पदक,अंडर 14 बालिका ( काव्या कुमारी) स्वर्ण पदक तथा कांस्य पदक अंडर 14 बालिका ( प्रियांशी कुमारी) स्वर्ण पदक तथा रजत पदक,अंडर 14 बालक (पीयूष कुमार )रजत पदक,अंडर 14 बालक (तुषार कुमार )कांस्य पदक, आयोजित विभिन्न प्रकार के खेलों में बच्चों को प्रोत्साहित करने में विद्यालय की प्राचार्या बी. शरण की अहम भूमिका रही, बच्चों को प्रशिक्षण देने तथा मार्गदर्शित करने में खेल शिक्षक विजय कुमार ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजित सभी प्रकार के खेलों में बच्चों के सुरक्षा तथा देखभाल हेतु शिक्षक एस. एन. मुखर्जी, शुभम सोनी शिक्षिका ज्योति कुमारी, शुभांगी कुमारी, खुशबू शर्मा तथा नयना कांदू उपस्थित थे।

## 21 सितंबर को चेहलुम मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चेहलुम मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता 21 सितंबर शनिवार को मनाया जाएगा। इसे लेकर भूतनगर डकरा में इमामुद्दीन अंसारी के अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में तय हुआ कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भूतनगर मैदान में चेहलुम मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता किया जाएगा। प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर रूप रेखा तैयार किया गया। प्रतियोगिता सह मेला में भाग लेने वाले रांची, मांडर, लोहरदगा, लातेहार, चतरा, गुमला, हजारीबाग सहित आसपास के भाग लेने वाले टीमों को निमंत्रण देने सहित टीमो को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मेला कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल्ला अंसारी ने बताया कि यहां मेला पिछले तीस सालों से लगता आ रहा है। अंसारी ने मेला कमेटी के सभी लोगों से मेला की तैयारी में जुट जाने को कहा। इस बैठक में इस्माइल अंसारी, सुनील सिंह, सोनू पांडेय, सलामत अंसारी, अब्दुल्ला अंसारी, मुस्लिम अंसारी, रियाज अंसारी, सोनू ठाकुर, विकास लोहरा, फिरोज अंसारी, तबारक अंसारी, रियाजुद्दीन अंसारी, शिवा तुरी, इम्तियाज खान, अलादिन अंसारी, हसन अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

## अभिकर्ता सम्मान दिवस धूमधाम से मना

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जीवन बीमा निगम सी एन बी रांची द्वारा शाखा हॉल रांची में अभिकर्ता सम्मान दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंधक अनूप लाल किस्कू,सुमन कुमार,अमरेंद्र नारायण,आरती देवी के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।लियाफी संगठन के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि, एम डी आर टी अतिथि को शॉल ओढ़ाकर व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।शाखा प्रबंधक द्वारा अभिकर्ताओं को पुष्पगुच्छ व पेन देकर समानित किया गया।कार्यक्रम में अभिकर्ताओं द्वारा केक काटना,अंताछड़ी, क्विज किया गया।कार्यक्रम का संचालन सुदेश मल्लिक व धन्यवाद ज्ञापन गोविंद महतो ने किया।राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

## पिपरवार के न्यु बिजैन मे हुई विस्थापित ग्रामीणो की बैठक



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू बिजैन स्थित डीएवी स्कूल के प्रांगण में क्षेत्र के विस्थापित ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता बहेरा मुखिया रेखा कुमारी और संचालन कैलाश राम एंव राहुल राम ने संयुक्त रूप से किया।बैठक में ग्राम बिजैन के ग्रामीणों के द्वारा सीसीएल पिपरवार प्रबंधन को सौंप गए 21 सूत्री मांग पत्र को लेकर विचार विमर्श किया गया एवं अभी तक सीसीएल प्रबंधन के द्वारा मांगों को लेकर किसी तरह का पहल नहीं किए जाने पर आक्रोश प्रकट किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए विस्थापित ग्रामीणों ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन को ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 21 सूत्री मांग पत्र सोपा गया है, लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार का पहल नहीं किया गया है,जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि जल्द विस्थापित ग्रामीणों के द्वारा सौंपे गए मांग पत्र पर सकारात्मक पहल नहीं किया गया तो 9 सितंबर से पूरे पिपरवार क्षेत्र को अनिश्चितकाल के लिए बंद कराया जाएगा।बैठक के दौरान सभी ग्रामीणों को एकजुट होने की अपील की गई।वहीं इस बैठक में रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन भी शामिल होकर ग्रामीणों के द्वारा होने वाले बंदी का समर्थन किया।बैठक मे मुख्य रूप से रंथु गंझु,जेपी महाराज,रमेश मुंडा,कुलदीप राम,बाबूलाल राम,पच्चु गंझु, सुरेंद्र राम,प्रकाश राम,दिनेश राम,बालेश्वर राम,नीरज कुमार राम,बिजय राम, राजेन्द्र कुमार राम,मुकेश कुमार रवि,चरका गंझु, गुलाब गंझु,अनिल मुंडा, बिजय गंझु,दीपक कुमार, दशरथ राम,देवाली गझुं, गणेश राम,प्रदीप राम,सीटन गंझु,भोला गंझु सहित काफी संख्या में विस्थापित ग्रामीण मौजूद थे।

## राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों का बढ़ाया गया मनोबल



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के स्कूली बच्चों ने राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।गुरुवार को स्कूल प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित कर प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों का मनोबल बढ़ाया गया।स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर आर चौधरी ने बच्चों को बधाई देते हुए आगे भी इस तरह के आयोजन में बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की। इस संबंध में उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों का चयन अब राष्ट्रीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए किया गया है जो इस क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल हमारे जीवन के लिए काफी जरूरी है।इस प्रतियोगिता में ऊंची कूद में ग्यारहवीं की छात्रा नंदनी कुमारी,वेट लिफ्टिंग मे अभिनव आनंद झा,बॉक्सिंग में सिद्धार्थ कुमार और खो-खो प्रतियोगिता में विदया राज,सविता कुमारी, आकांक्षा पांडेय और खुशबू कुमारी ने शानदार प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बच्चों के इस शानदार प्रदर्शन पर स्कूल के सभी शिक्षकों ने भी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत कई स्कूलों में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार एरिया में चलाए जा रहे हैं सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा क्षेत्र के कई स्कूलों में निबंध एंव भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जानकारी के अनुसार सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबधंन के द्वारा बचरा हाई स्कुल,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बीओसीएम पिपरवार और डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में निबंध और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें विद्यालय के छात्र/छात्राओ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।वही निबंध लेखन प्रतियोगिता में बच्चो ने सुंदर रचनाएं प्रस्तुत किया।कार्यक्रम मे उपस्थित पिपरवार क्षेत्र के सीएसआर नोडल अधिकारी उज्वल कुमार ने बताया कि इस तरह का आयोजन से लोगो में भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष में सभी हितधारकों द्वारा सामूहिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना,भ्रष्टाचार के अस्तित्व,इसके कारणों, महत्व और बढ़ते खतरे के बारे में आम लोगों की जागरूकता में वृद्धि लाना है।सतर्कता जागरूकता अभियान के मौके पर सीसीएल प्रबंधन के द्वारा इस तरह का आयोजन प्रत्येक वर्ष कराया जाता है। पिपरवार क्षेत्र में भी इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं, जिसमें स्कूली बच्चे भी बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक बच्चे एवं सीसीएल अधिकारी मौजूद थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने विभिन्न सरकारी ऐजेंसी के साथ की समीक्षा बैठक, बोले

# अधिकारी जनता के प्रति संवेदनशील बने



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** राज्य के स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने विभिन्न सरकारी ऐजेंसी जिसमे मानगो नगर निगम, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति, पेयजल स्वच्छता विभाग, उर्जा विभाग, पथ निर्माण विभाग एवं खाद्य आपूर्ति विभाग के साथ समीक्षा बैठक किया।

समीक्षा बैठक का शुरुआत जमशेदपुर अधिसुचित क्षेत्र समिति एवं मानगो नगर निगम के साथ हुई जिसमें विभाग के कार्य प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा के साथ क्षेत्र में सफाई कर्मियों की संख्या बल में बढ़ोतरी किये जाने, खराब स्ट्रीट लाईट के मरम्मतीकरण तथा नए स्ट्रीट लाईट अधिष्ठापन किये जाने, नियमित रूप से क्षेत्र में फॉगिंग एवं एंटी लावी का छिड़काव किए जाने, हाईमास्ट लाईट, डीप बोरिंग एवं चापाकल की मरम्मतीकरण कराये जाने की निर्देश दिया गया।

उर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में श्री गुप्ता ने क्षेत्र के सभी जर्जर विद्युत पोल एवं जर्जर तार तथा अर्थिंग तार को बदलकर नए पोल और तार लगाने, जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के करीब एक दर्जन 100 केवीए जहाँ क्षमता से अधिक भार है वहाँ 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने तथा मुख्य मार्ग में अंडर ग्राउंड केबल लगाए जाने अधिष्ठापन किये जाने का निर्देश दिया.

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने बताया कि इंटकवेल में सुचारू रूप से पेयजल आपूति हेतु विभाग को दो अतिरिक्त मोटर की आवश्यकता है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पुराना मोटर के स्थान पर उन्हें एक नया मोटर की आवश्यता है एवं एक अतिरिक्त मोटर जो चालू मोटर के खरब होने पर स्टैंड बाई रखे जाने की आवश्यकता है जिस पर श्री गुप्ता ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को मंत्री से फोन पर बात कर उन्हें तत्काल जमशेदपुर(पश्चिम) के मानगो स्थित इंटकवेल हेतू दो और मोटर उपलब्ध किए जाने की आवश्यकता को बताया जिस पर विभागीय मंत्री ने मोटर उपलब्ध कराये जाने पर अपनी स्वीकृति दी है।

पथ निर्माण के समीक्षा बैठक में श्री गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जमशेदपुर( पश्चिम) विधानसभा में लगभग 25 करोड़ की योजना प्रक्रियाधीन है. अधिकारी 15 दिनों के अंदर विभागीय कारवाई पूर्ण कर योजनाओं को शीघ्रातिशीघ्र धरातल में उतारने का कार्य करें। पथ निर्माण विभाग को मंत्री बन्ना गुप्ता ने जमशेदपुर के पहले निर्माणाधीन फ्लाओव 'जो जमशेदपुर के खासकर मानगो को जाममुक्त बनाने के लिए अति आवश्यक है इसे गुणवत्ता पूर्ण और शीघ्र बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। खाद्य आपूर्ति विभाग के साथ समीक्षा बैठक करते हुए मंत्री ने कहा की अधिकारी सभी लंबित आवेदन का शीघ्रातिशीघ्र निष्पादन करें।

## आत्महत्या रोकथाम के लिए जीवन ने की जागरूकता रैलियां आयोजित



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 10 सितंबर को मनाए जाने वाले विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर, जीवन आत्महत्या निवारण केंद्र, जमशेदपुर ने शहर में कई जागरूकता अभियानों की शुरुआत की हैं । मंगलवार को शैक्षणिक संस्थानों–आरएमएस स्कूल, खुटाडीह और डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन–ने छात्रों और कर्मचारियों को मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक रैली में शामिल किया। कुल 240 प्रतिभागियों ने रैली में भाग लिया, जिनमें से 150 आरएमएस स्कूल और 90 डीबीएमएस कॉलेज से थे। 6 सितंबर को दयानंद पब्लिक स्कूल और जुस्को स्कूल कदमा में रैलियाँ आयोजित की जाएंगी, उसके बाद 9 सितंबर को डीबीएमएस करियर अकादमी और विवेक विद्यालय, टेल्को में अरका जैन विश्वविद्यालय 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के साथ इस अभियान का समापन एक रैली के साथ करेगा। जीवन की सेवाएँ पूरी तरह से निश्शुल्क हैं, और हेल्पलाइन नंबर 9297777499 और 9297777500 हैं।

## उपायुक्त के निर्देश पर शहर के विभिन्न इलाकों में चला डेंगू लार्वा जांच, 1.86 लाख वसूला जुर्माना



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त अनन्य मित्तल के द्वारा डेंगू के बढ़ते प्रकोप को ध्यान रखते हुए निर्देश दिया गया की सभी जगह जांच बढ़ाया जाए एवं डेंगू लार्वा पाए जाने वाले स्थल पर जुर्माना लगाया जाए। निर्देश को पालन करने हेतु जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार के निर्देश पर टाटा मलेरिया विभाग एवं अक्षेस द्वारा संयुक्त अभियान चला कर कदमा, सोनारी, सीतारामडेरा, साकची के विभिन्न बाजार, मुर्गा लाइन, खटाल, आवासीय परिसर, निर्माणाधीन भवन, सोसायटी भवन के बेसमेंट एवं परिसर में जल जमाव की औचक जांच पर लार्वा पाया गया जिसपर 1,86,200/- रुपए जुर्माना लगाया गया। साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव भी किया गया। साथ ही जागरूक रहने संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए दोबारा लार्वा की जांच में पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एक शिक्षक ऐसा जो शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों पर कर रहे हैं काम

शिक्षक दिवस पर विशेष

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत ग्राम दामोदरपुर में 14 फरवरी 1973 को एक आदिवासी परिवार में जन्मे संतोष कुमार सिंह को 1998 में मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण होकर 1989-91 बैच में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चाईबासा से आईटीआई करने के बाद उम्मीद थी कि किसी तकनीशियन के रुप में काम करेंगे। वर्तमान में पटमदा के चौरा उत्क्रमित उच्च विद्यालय में पदस्थापित हैं।

लेकिन मार्च 1992 में पिताजी के असामयिक निधन होने पर तकनीशियन के रुप में नियुक्ति पाकर भी छोटे भाई बहनों के भविष्य को देखते हुए पिताजी की नौकरी पर अनुकम्पा में नियुक्ति की उम्मीद में तकनीशियन की नौकरी की उम्मीद छोड़नी पड़ी।तबीयत इस तरह से खराब रहने लगी कि सारे चिकित्सा पद्धति असफल साबित हुई। मजबूरन 1996 को अन्तिम उम्मीद के रूप में योग को अपनाना पड़ा। योग गुरु के रूप में शिव मुनिजी द्वारा प्रतिपादित क्रियायोग। उसी को अपनाकर नियमित कठोर योगाभ्यास करते रहा एवं एक साल में ही सम्पूर्ण स्वास्थ्य लाभ किया। तब मन में ठान लिया कि योग द्वारा व्यक्ति चाहे तो कोई भी असंभव बीमारी को खुद ही ठीक कर ले सकता है।

## युवा आजसू ने चलाया बायोडाटा संग्रह अभियान




प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरुलडीह :** बुधवार को ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुकड़ू प्रखंड के अंतर्गत सपादा ग्राम में कुकड़ू प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो के नेतृत्व में बायोडाटा संग्रह अभियान चलाया गया। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष अरुण महतो, जिला सचिव रंजीत महतो, छात्र मोर्चा के केन्द्रीय सदस्य मेघनाथ केशरिया, एसटी मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष लखींद्र सिंह मुंडा, लेटेमदा पंचायत प्रभारी बुद्धेश्वर महतो, चौड़ा पंचायत प्रभारी राजीव महतो, एसटी मोर्चा प्रखण्ड सचिव मदन सिंह मुंडा, मिथुन प्रामाणिक, प्रकाश कुमार आदि मौजूद थे।

## सांसद के साथ डीसी, डीडीसी ने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर :** सांसद जोबा माझी के आग्रह पर बुधवार को सोनुवा प्रखंड के बेगुना गांव में संचालित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय गुदड़ी का डीसी कुलदीप चौधरी, डीडीसी संदीप मीणा, एसडीओ रीना हांसदा, डीईओ टोनी प्रेमराज टोप्पो, बीईईओ लखींद्र सोरेन ने निरीक्षण किया। इस दौरान सांसद समेत अधिकारियों ने छात्राओं से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनी। मौके पर छात्राओं ने बताया कि विद्यालय में सोने के लिए बेड के साथ पढ़ाई के लिए बेंच-डेस्क की कमी है। इसके अलावा अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया। समस्याएं सुनने के बाद डीसी ने आश्वस्त किया कि जल्द ही यहां बेड की व्यवस्था करा दी जाएगी। डीसी ने कहा कि विद्यालय परिसर में एक कम्यूनिटी हॉल का निर्माण कराएंगे, ताकि कार्यक्रम आयोजन के लिए परेशानी नहीं हो। वहीं लाइब्रेरी को दुरूस्त कर स्वच्छ पानी के लिए वाटर प्यूरीफायर समेत अन्य सुविधाएं भी बहाल की जाएगी।

## महिला कॉलेज में जिला पुलिस द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर :** चाईबासा महिला कॉलेज के प्रांगण में बी.एड की छात्राओं को जागरुक करते हुए जिला पुलिस के द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। उक्त जागरूकता अभियान के दौरान राहुल देव बड़ाईक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, चाईबासा / पु0नि0 तरूण कुमार, थाना प्रभारी सदर, चाईबासा एवं म0पु0अ0नि0 शिला मिंज, थाना प्रभारी महिला एवं बालसरंक्षण थाना सदर द्वारा चाईबासा महिला कॉलेज के प्रांगण में बी.एड की छात्राओं को महिलाओं तथा बच्चों से संबंधित कानूनी प्रावधानों, सुरक्षा एवं सुवधिाओं से छात्राओं तथा शिक्षकों को अवगत कराया गया। तथा आवश्यक सावधानियों बरतने की अपील की गई। साथ ही जगारूकता अभियान के दौरान साईबर फ्रॉड, सड़क सुरक्षा, डायल 112, साईबर फ्रॉड 1930 एवं ऑनलाईन एफ0आई0आर0 के संबंध में जागरूक किया गया।

## गणेश पूजा मैदान में लग रहे सब्जी बाजार से टाटा स्टील कर्मी परेशान, जिला प्रशासन से लगाई गुहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बी.एच.एरिया, कदमा में लग रहे सब्जी बाजार से स्थानीय टाटा स्टील कंपनी क्वार्टर में रह रहे लोग रोजाना परेशानियों का सामना करने को मजबूर है। इसको लेकर स्थानीय लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल ने 27 अगस्त को पूर्वी सिंहभूम जिला उपायुक्त और एसडीओ को एक ज्ञापन सौंपा। लेकिन उक्त विषय पर अभी तक कोई कार्रवाई नही हुई है।

उनका कहना है कि कोविड-19 काल में अर्थात 2019- 20 से जिला प्रशासन के निर्देश पर गणेश पूजा मैदान, बी.एच. एरिया, कदमा में सब्जी बाजार लग रहा है वह आज भी बदस्तूर जारी है। सामान्यतः आम दिनों में इससे बहुत ज्यादा समस्या नहीं होती है। पर विशेषकर गणेश पूजा से छठ पर्व तक जब यह बाजार विस्थापित होकर 39/एच6 से लेकर 51/एच6 इनर सर्किल रोड पर अवस्थित क्वाटरों के समक्ष लगने लगती है तो यहाँ रह रहे लोगों को काफी कष्ट का सामना करना पड़ता है। सब्जी बाजार में भीड़- भाड़ होने के कारण अत्याधिक शोर-गुल के कारण घरों के भीतर रहना दूभर हो जाता है। घरों से दुपहिया वाहन लेकर निकलना भी एक भारी समस्या बन जाती है। अगर किसी के घर में कोई विशेष परिस्थिति जैसे पूजा-पाठ का आयोजन हो रहा हो तो बिल्कुल प्रतिकुल परिस्थितियाँ पैदा हो जाती है। किसी दुःखद घटना अर्थात कोई गंभीर रूप से बीमार हो जाता है, अपने चार पहिया वाहन से लेकर अस्पताल ले जाने में भी काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग किया है कि पूजा काल (गणेश पूजा से लेकर छठ पर्व तक) में इस सब्जी बाजार को उपरोक्त घरों के समक्ष न लगाकर कहीं अन्यत्र लगाने की व्यवस्था की जाए।

ज्ञापन सौंपने वालों में निखिल कुमार, सूरज महतो, एल एन सिंह, तुलसी मुखी, संजय कुमार झा, सुनील कुमार झा, अनिल कुमार सिंह, घनश्याम मिश्रा एवं अन्य लोग शामिल थे।

## नई 42 एफ जे जावा का जानदार जवाब, नए 350 अल्फा2 इंजन से लैस एक बोल्ड नियो क्लासिक



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत में 'नियो-क्लासिक' सेगमेंट की अग्रणी कंपनी जावा येज़दी मोटरसाइकिल्स ने जावा 42 लाइफ़ सीरीज़ की नवीनतम सदस्य, बिल्कुल नई जावा 42 एफ जे को लॉन्च किया है। 42 और 42 बॉबर की सफलता पर आधारित, जावा 42 एफजे 42 लाइफ़ थीम के लिए एक रोमांचक नया अध्याय है, जो बेहतर डिज़ाइन और बेजोड़ राइडिंग अनुभव के प्रति प्रतिबद्धता का जश्न मनाता है। इस मोटरसाइकिल का नाम जावा के दूरदर्शी संस्थापक फ्रांटिसेक जेनेक से प्रेरित है, आधुनिक राइडिंग अनुभव प्रदान करना है। जावा येज़दी मोटरसाइकिल के सह-संस्थापक अनुपम थरेजा कहते हैं, 2024 जावा 42 मोटरसाइकिल इंजीनियरिंग के लिए हमारे डिज़ाइन-आधारित दृष्टिकोण का प्रतीक है। हमने इस बाइक के साथ अपना समय लिया है, 'कीमत-प्रदर्शन' मैट्रिक्स की सीमाओं को आगे बढ़ाया है और शानदार प्रदर्शन, भव्य रूप और सटीक इंजीनियरिंग का एक बेहतरीन मिश्रण हासिल किया है।

## विधायक सविता महतो ने किया 7 सड़कों का भूमिपूजन व शिलान्यास



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के 7 सड़को का बुधवार को विधायक सविता महतो ने भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। विधायक ने गौरांगकोचा से करनडीह, बड़ा आमड़ा से जाहेरडीह , आरईओ रोड से कुंदरीलोंग, कुंदरीलोंग से धातकीडीह, कुटाम से काठघोड़ा, नागासोरेन से डुंगरीडीह ,आमदीरी सीमा तक एवं नागासोरेन से कुटाम तक पक्की सड़क का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया। विधायक सविता महतो ने कहा कि आज कुल 7 सड़कों का विधिवत शिलान्यास किया गया, उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास बहुमुखी विकास करना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आबुआ आवास, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना, स्कूली बच्चों को साइकिल, सावित्रीबाई फुले, किसोरी सम्मान योजना सहित दर्जनों योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने लोगों को जागरूक होकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ उठाने का अपील भी किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा सिंह मुण्डा, पंसस प्रतिनिधि अनिल सिंह,केन्द्रीय सदस्य काबलू महतो, सचिव अभय यादव,नरेन गोप, पशुपति बागची सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की विरोधी है भाजपा : डॉ. अजय



**कुमारजमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ. अजय कुमार ने बुधवार को प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि भाजपा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की विरोधी है. उन्होंने कहा कि मईया सम्मान योजना के तहत महिलाओं को मिल रही प्रति माह एक हजार रुपये की सम्मान राशि से भाजपा बौखला गई है. इसलिए एक साजिश के तहत भाजपा ने इस योजना के खिलाफ रांची हाईकोर्ट में सिमडेगा निवासी विष्णु साहु के माध्यम से एक जनहित याचिका दायर करवाई है.डॉ. अजय ने कहा कि पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने गरीवों के घर उजाड़ने के उद्देश्य से एनजीटी में शिकायत की थी. अब प्रदेश की आधी आबादी (महिलाओं) को आर्थिक रुप से मजबूत करने के उद्देश्य से झारखंड सरकार द्वारा शुरू की गई मईया सम्मान योजना की सफलता से भाजपा बौखला गई है. कहा, महज 15 दिनों में 45 लाख महिलाओं ने अपना निबंधन कराया है और 42 लाख महिलाओं को यह राशि प्राप्त भी हो गई है. डॉ. अजय ने कहा कि एक तरफ अर्जुन मुंडा गरीबों के घरों को उजाड़ने के लिए एनजीटी में शिकायत करते हैं, वहीं दूसरी और बीजेपी मईया सम्मान योजना का विरोध कर रही है. इससे स्पष्ट है कि भाजपा को केवल सत्ता चाहिए उसे जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है.

## बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा सिक्का वितरण एवं बैंक नोट बदली मेला शिविर



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर द्वारा बिष्टुपुर मार्केट में सिक्का वितरण एवं बैंक नोट बदली मेला शिविर लगाया गया। बैंक द्वारा मार्केट के अंदर शिविर लगाने का मूल उद्देश्य जन साधारण को उनकी सुविधा एवं आवश्यकता के अनुसार सिक्के वितरण तथा कटे- फटे बैंक नोटों को सहजता से बदलने का अवसर प्रदान करना था। इस शिविर में स्थानीय दुकानदार सहित भारी संख्या में ग्राहकगण उपस्थित रहें एवं बैंक नोट बदलें और सिक्के वितरित किए गए।

## गम्हरिया निवासी 14 वर्षीय अक्षत झा विगत छह दिनों से लापता



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के गायत्री नगर मार्ग संख्या चार निवासी हृदय झा का 14 वर्षीय पुत्र अक्षत झा विगत छह दिनों से लापता है। उसका अबतक कोई पता नहीं चल सका है। इस बाबत परिजनों द्वारा आदित्यपुर थाना में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराते हुए एसपी से भी उसे ढूंढ निकालने की गुहार लगाई गई है। बताया गया है कि बीते 30 अगस्त की रात्रि करीब आठ बजे वह छत पर जाने की बात बोला किन्तु वह टहलने के लिए घर के बाहर निकल गया। काफी देर तक वह घर नहीं आया तो परिजनों द्वारा उसकी खोजबीन की जाने लगी। परिजनों ने उसके संबंध में मोबाइल संख्या 6201825783 पर सूचना देने की गुहार लगाई है।

## झारखंड की जनता परिवर्तन चाहती है : चंपाई सोरेन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** भाजपा में शामिल होने के बाद बुधवार को पहली बार खरसावां पहुंचे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का पार्टी नेताओं ने भव्य स्वागत किया. इस दौरान पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड की जनता परिवर्तन चाहती है. परिवर्तन की लहर चल पड़ी है. लोगों का उत्साह बता रहा है कि इस बार राज्य में परिवर्तन होकर रहेगा. राज्य की मौजूदा सरकार के खिलाफ लहर चल चुकी है. प्रधानमंत्री के नेतृत्व में झारखंड में बीजेपी की सरकार बनेगी, जो आदिवासियों के लिए काम करेगी. उन्होंने कहा कि जनहित में कार्य करते रहेंगे. उन्होंने कहा कि संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण आदिवासी संकट में आ गये हैं.

कार्यक्रम में पहुंचे छतीसगढ़ के सांसद विजय बघेल ने कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल है. यहां भ्रष्टाचार का बोलबाला है. वरीय नेत्री मीरा मुंडा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से विस चुनाव की तैयारी में जुट जाने की अपील की. मौके पर खरसावां चांदनी चौक, गोपबंधु चौक पर चंपाई सोरेन का भव्य स्वागत किया गया. इस दौरान चंपाई सोरेन ने भगवान बिरसा मुंडा, खरसावां शहीद बेदी, केरसे मुंडा शिलापट्ट, पं गोपबंधु दास की प्रतिमा पर माला चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी.

# डायन भूत का आरोप लगाकर जम कर किया गया मार पीट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/लावालौंग :** पुलिस प्रशासन के लाख कोशिशें के बावजूद भी अंधविश्वास इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में हावी है और थमने का नाम नहीं ले रहा है। डायन भूत जैसे कुप्रथा को हटाने को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा जगह-जगह पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम भी आयोजन किया जा रहा है। इसके बावजूद भी अंधविश्वास में लोग डायन भूत बताते हुए अपने रिश्ते भूल जा रहे हैं और मारपीट का अंजाम देकर लहूलुहान कर रहे हैं। इसी तरह का एक ताजा तरीन मामला लावालौंग थाना क्षेत्र के कदहे बरहेद गांव से सामने आया है। जहां धनेश्वर गंझु और मनेशर गंझू को भूत लगाने के आरोप में गांव के ही कुछ लोग मिल कर पिटाई कर दिया है। जिससे दोनो घायल हो गए। दोनो को रात्रि में हीं सिमरिया रेफरल अस्पताल लाया गया और इलाज कराया गया। घटना के बाबत धनेश्वर गंझु ने बताया कि हमको और मेरे बड़े भाई यानी दोनो को डायन बिसाही बताते हुए कैलाश गंझु, छठू गंझु, तुलसी गझु, मिथलेश गंझु रंजीत गंझू, झरनी देवी, बालेश्री देवी, इंद्रदेव गंझू, मोहन, गंझु, उमेश गंझू ने पंचायत करने को लेकर एक गांव के हीं स्थान में बुलाया था। जहां पूर्व से हीं लाठी डंडा से लैस होकर लोग बैठा था। हम लोगों को वहां जाते हीं भूत डायन विसाही करने को लेकर लाठी डंडे से पिटाई करना शुरू कर दिया। मारपीट करते देखकर कई ग्रामीण बचाने गए इस क्रम में गांव के मुरारी गंझू, गोपाल गंझू शाखो को भी पीटाई कर दिया है। और पिटाई करने बाद सभी लोग पुलिस आने की सूचना मिलते हीं फरार हो गया है। मार पीट में धनेश्वर और मनेसर गंझू को काफी अंदरूनी छोटे आई है। जिसके कारण दोनों का इलाज निजी अस्पताल में किया जा रहा है। वही इस घटना के सूचना पाकर घायल लोगों के यहां सिमरिया एसडीपीओ अजय केशरी और लावालौंग थाना प्रभारी रूपेश कुमार पहुंचकर घटना के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर करवाई में जुटी हुई है। वहीं प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील कश्यप और सचिव मोकिम अंसारी ने एस डीपीओ अजय केशरी और थाना प्रभारी रूपेश कुमार से मारपीट और डायन विसाही मामले में पत्रकार के पिता के साथ मारपीट करने को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा की अविलंब दोषियों पर कारवाई किया जाएगा और कारवाई करते हुए गिरफ्तार भी किया जाएगा।

## 32 लाख परिसंपति वितरण के साथ सम्पन्न हुआ बगरा पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के बगरा पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 32 लाख के परि संपति का वितरण 8 महिला संघ सहायता समूहों के बीच किया गया। साथ हीं दस छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बीडीओ विनय कुमार और सीओ गौरव राय ने बताया की आठ महिला ग्रुप के बीच 32 लाख का सरकारी परिसंपति का वितरण किया गया। वहीं यह सरकार आपके द्वार कार्यक्रम प्रखंड के सभी पंचायत भवनों में किया जाएगा। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास से लेकर सामाजिक सुरक्षा योजना के अलावे दीदी लोगों को आई कार्ड, और जॉब कार्ड निर्गत किया जाएगा। हालांकि सिमरिया प्रखण्ड के जिरवा खुर्द पंचायत, जबड़ा, कसारी, सेरनदाग बगरा पंचायत में सरकार का उपयोगी कार्यक्रम सम्पन्न हो चुका है वहीं आगामी 5 सितम्बर को जागी पंचायत, 6 सितम्बर को सबानो पंचायत, 9 सितम्बर को बन्हे और बानासांडी पंचायत, 10 सितम्बर को पगार और डाड़ी पंचायत,11 सितम्बर को पुंडरा और एदला पंचायत, 12 सितम्बर को हूरनाली और पीरी,13 सितम्बर को इचाक और चौपे पंचायत में उपयोगी कार्यक्रम सरकार आपके द्वार चलाया जाएगा।

## उत्पाद विभाग ने करीब 30 पेटी केन बीयर को किया नष्ट



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय के टंडवा रोड़ कुट्टी के समीप सरकारी शराब दुकान में उत्पाद विभाग ने औचक जांच किया जहां केन बीयर के 30 पेटी को नष्ट करते हुए सभी केन बीयर की बोतलों को तोड़ कर बहा दिया गया है। यह कारवाई तड़के तीन बजे के लगभग की गई है। बड़े मजे की बात है की मामले को छिपाने के लिए उत्पाद विभाग ने चुपके से इस तरह की कारवाई कर चलते बने। जबकि मामले को लेकर पत्रकारों को किसी तरह का कोई जानकारी नहीं दी गई। पत्रकारों को जब मामले की जानकारी मिली तो शराब दुकान के पीछे पहुंचने पर देखा की लगभग 30 पेट्टी से सैकड़ों केन बीयर को तोड़ कर उसमें भरे शराब को बहाया गया हुआ था। आपको बता दें की उत्पाद विभाग कई तरह का जांच में आते हैं जहां धीरे से कारवाई करते हैं जहां कुछ लेन देन होती है वहां का मामला सामने नहीं आने दिया जाता है और जहां लेन देन की मामला नहीं होती है वहां खबरों में प्रकाशित करवाया जाता है। ऐसे में उत्पाद विभाग के पत्रकारों को जानकारी नहीं देना यह अस्पष्ट करता है की कहीं ना कहीं नजरंदाज किया जाता है।

## दिव्यांग बच्चों के बीच किया गया उपकरण का वितरण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित मध्य विद्यालय गिद्धौर में दिव्यांगो के लिए शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। जहां 19 दिव्यांग स्कूली बच्चों के बीच उपकरण का वितरण किया गया। उपकरण का वितरण इलिंको के भुवनेश्वर से आये डाक्टर ज्ञाननंद कुमार, डाक्टर दीपक कुमार मंडल के नेतृत्व में वितरण किया गया। बताया गया की वर्ग नवम से बारहवीं क्लास में अध्यनरत छात्र छात्राओं के बीच ट्राई साइकिल, विलचेयर, कैलीपर, श्रवन मशीन का वितरण किया गया।मौके पर बीपीओ नीरज कुमार, अशोक कुमार सिंह समाजसेवि यदुन्दन पांडेय समेत शिक्षक सिद्धेश्वर पांडेय मौजूद थे।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार में लापरवाही बरतने वाले कान्हाचट्टी के अंचल अधिकारी पर गिरी गाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर उपायुक्त रमेश घोलप सख्त है। इसी क्रम में उन्होंने कान्हाचट्टी अंचल अधिकारी के वेतन निकासी पर रोक लगाने का निर्देश दिया है।अपर समाहर्ता अरविंद कुमार ने बताया कि सरकार का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित है, जिसके अन्तर्गत सभी पंचायतो में निर्धारित तिथि को शिविर का आयोजन कर शिविर में आवदेक से आवेदन प्राप्त कर पोर्टल पर ऑनलाईन करने के साथ निष्पादन किया जाना है। उपायुक्त की अध्यक्षता में 2 सितंबर को शाम 7ः00 बजे ऑनलाइन माध्यम से समीक्षात्मक बैठक की गई, समीक्षा के क्रम में पाया गया कान्हाचट्टी अंचल में दिनांक-30 अगस्त 2024 को बेंगोकला, 31 अगस्त 2024 को कोल्हैया एवं 02 सितंबर 2024 को तुलबुल पंचायतो में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अबतक संतोषजनक आवेदन प्राप्त नहीं किया गया। जिससे स्पष्ट है कि अंचल अधिकारी द्वारा वृहद प्रचार प्रसार नहीं किया गया है। दिनांक 03 सितंबर को राजपुर पंचायत में शिविर का आयोजन किया जिसमें अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया, जिसमें अंचल अधिकारी कन्हाचट्टी अनुपस्थित पाये गये। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तीनो शिविर में बिना सूचना के ये अनुपस्थित थे। सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जो जनहित व असहाय को सीधा लाभ देने से संबंधित हैं, इस तरह के कार्यशैली से यह प्रतीत होता है कि अंचल अधिकारी द्वारा जानबुझकर कार्यक्रम को असफल करने का प्रयास किया जा रहा है।

## सिमरिया विधानसभा क्षेत्र को रोजगार युक्त बनाने का लिया संकल्प : युवा प्रत्याशी कुलदीप दास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से शिक्षित युवा प्रत्याशी कुलदीप कुमार दास ने चुनाव को लेकर सियासी पारा तेज कर दिया है। झारखंड से लेकर दिल्ली तक भाजपा संगठन के बड़े-बड़े नेताओं, मंत्रियों से मिलकर सिमरिया विधानसभा क्षेत्र की जन समस्याओं एवं चुनावी मुद्दा को लोकर मुलाकात कर रहें हैं। इसी क्रम में बुधवार को केंद्रीय राज्यमंत्री सह छत्तीसगढ़ लोकसभा के सांसद एवं चतरा तथा लातेहार जिला के विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रभारी तोखन साहू से मुलाकात कर चुनावी मुद्दा पर चर्चा किए। युवा नेता कुलदीप कुमार दास लगातार पांच वर्षो से पत्रकारिता करने के कारण क्षेत्र की जन समस्याओं से भली भांति अवगत हैं। इन्ही सब समस्याओं के समाधान को लेकर, एवं क्षेत्र में विकास कार्यो के लिए निम्नलिखित मुद्दा को लेकर चुनावी मैदान में उतरे हैं। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विस्थापित परिवारों को न्याय, नौकरी और उचित मुआवजा दिलाना। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में खुले खदानों और कारखानों में युवाओं को रोजगार, शिक्षा के लिए उच्च शैक्षणिक तथा तकनीकी महाविद्यालयों का गठन और निर्माण, सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में इलाज के लिए बने अस्पतालों में डॉक्टर और प्रशिक्षण प्राप्त नर्सों की अपने स्तर से व्यवस्था बनाना। राज्य सरकार के नियमानुसार विधानसभा क्षेत्र में स्थापित रोजगार के साधन में स्थानीयों को 75 प्रतिशत रोजगार, युवाओं को रोजगार के लिए मार्गदर्शन और सहायता, सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के हर प्रखंड में किसानों के फसलों को रखने के लिए बड़े गोदाम और सब्जियों के लिए कोल्ड स्टोरेज का निर्माण करवाना, खेल कूद को बढ़ावा देने के लिए हर गांव में क्लब का गठन और प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना करना, किसानों के लिए सिंचाई की नई नई योजना बना कर हर खेतो में पानी समय से उपलब्ध कराना। सरकार के द्वारा दिए जाने वाले सभी जन कल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारना कुलदीप दास की प्राथमिकता होगी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया बैठक बुथ जितने का सिखाया गया गुर



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में बुधवार को भाजपा पार्टी का प्रखंड स्तरीय मंडल कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक में चतरा जिला प्रभारी विनय जायसवाल, जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक की शुरुवात श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व अटल बिहारी बाजपेई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंडल कार्यसमिति की बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने की आह्वान किया। वहीं बूथों में जाकर कम से कम ग्यारह लोगों से संपर्क करने की बात कही।जिला प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को बुथ जितने व चुनाव जीतने का गुर सिखाए। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार व संचालन प्रखंड महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा ने किया। बैठक में रंजय भारती, जीतन राम, सतेंद्र कुमार दांगी, दिनेश भारती, समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उप मुखिया संघ ने उपायुक्त से वित्तीय प्रभार दिलाने को लेकर दिया मांगपत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड के उप मुखिया और संघ के जिला अध्यक्ष सह पोखरी पंचायत के उप मुखिया सुल्तान आमद ने जिले के सभी पंचायतो के मुखिया का वित्तीय प्रभार, उप मुखियाओं को सौंपने की मांग उपायुक्त गरिमा सिंह से किया है। उन्होंने कहा कि मुखिया अनिश्चितकालीन हड़ताल में है, जिससे 15 वें वित्त, मनरेगा जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन काफी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि विकास कार्य की गति धीमी पड़ गई है जो विकास कार्य की गति देने समेत जनता की समस्याओं को देखते हुए उप मुखिया संघ द्वारा यह कदम उठाया गया है। इसलिए उपायुक्त को मांगपत्र सौंपा गया है और मांग की गई है कि प्रखंड के सभी उप मुखियाओं को वित्तीय प्रभार सौंपा जाए। ताकि मुखिया के हड़ताल अवधि में जनहित की योजनाए को सही तरीके से निष्पादन किया जा सके। वर्तमान समय में आपकी सरकार, आपको योजना, आपके द्वारा कार्यक्रम में सभी उप मुखिया बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और शिविर का संचालन सही तरीके से हो रहा है।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सफलता की ओर : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बुधवार को प्रखंड के पंचायत छेंचा में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के आयोजन में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी, ग्रामीणों क्षेत्र के लोगों को वर्तमान सरकार पर भरोसा दिख रहा है। सरकार द्वारा उक्त कार्यक्रम से पूर्व में लाखों लोग महत्वकांक्षी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा चुके हैं खासकर सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, अबुआ आवास, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना, सर्व जन पेंशन योजना मुख्यमंत्री पशुधन योजना समेत अन्य योजनाएं शामिल हैं। जहां सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों तक पहुंचाने का प्रयास जारी रखते हुए बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने ग्रामीणों को जागरूक करने और सरकार के योजनाओं का लाभ शिविर के माध्यम से त्वरित देने का भरोसा दिलाया। मौके पर उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से शिविर के माध्यम से ग्रामीणों का आवेदन पत्र प्राप्त हो रहे हैं और आवेदन पत्र का मौके पर निष्पादन भी हो रहा है वैसे कई योजनाएं जो प्रक्रियाधीन है वह भी नियम संगत होना तय है। ऐसे में उक्त कार्यक्रम सफलता की ओर बढ़ रहा है यह देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के गरीब पिछड़े वर्ग को योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है।

## सरकारी योजनाओं का लाभ लें ग्रामीण : आशीष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निर्देश पर स्थानीय स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप, लातेहार के द्वारा सदर प्रखंड के धनकारा पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का प्रचार प्रसार किया गया और योजनाओं की जानकारी दी गयी। बता दें कि धनकारा पंचायत में पांच सितंबर को आपकी योजना, आपकी सरकार व आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मौके पर स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप, लातेहार के निदेशक आशीष टैगोर ने ग्रामीणों से शिविर में भाग लेने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक एवं गीत संगीत के माध्यम से ग्रामीणों को सामाजिक कुरीतियों एवं अंधविश्वास से दूर रहने का अपील की। श्री टैगोर ने बताया कि मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 साल की उम्र की महिलाओं को एक हजार रूपये प्रति माह सम्मान राशि दी जा रही है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है। सरकार ने हड़िया एवं दारू बेचने वाले महिलाओं के लिए फूलों झानो आशीर्वाद योजना लाई है। उन्होंने मुख्य मंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार योजना, मुख्यमंत्री हरित योजना आदि की जानकारी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और सरकारी योजनाओं की जानकारी ली। मौके पर बसंत कुमार, युगेश्वर राम, बसंती देवी, प्रतिमा व जिया आदि कलाकार मौजूद थे।

## महुआडांड़ पुलिस द्वारा 6 सितंबर को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ थाना परिसर में 6 सितंबर को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि, पुलिस महानिरीक्षक झारखंड रांची के द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में महुआडांड़ थाना परिसर में 6 सितंबर 2024 को सुबह 11 बजे से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है, आम नागरिकों की शिकायतों और विवादों पर त्वरित और प्रभावी समाधान करना। जिससे पुलिस एवं नागरिकों के बीच और भी बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सके। थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने प्रखंड के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे सभी इस कार्यक्रम में अवश्य भाग ले, और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें जिससे अधिक से अधिक लोग अपनी समस्या एवं विवाद सुलझा सके, और त्वरित समाधान पा सके। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर थाना प्रभारी अवनीश कुमार के नेतृत्व में महुआडांड़ पुलिस बल के जवानों के द्वारा प्रचार प्रसार करते हुए शास्त्री चौक, बिरसा चौक, बस स्टैंड, रामपुर चौक समेत सभी महत्वपूर्ण स्थानो पर सूचना पोस्टर चिपकाए गए।

## शोले फिल्म गब्बर के डायलॉग के तर्ज पर तीन शिक्षिका पर दो बच्चियां स्कूल में

**राजकीय कृत मध्य विद्यालय बेलगड़ा विद्यालय का है हाल**

**शिक्षक, शिक्षिका को न्यायिक हिरासत में नहीं भेजने को लेकर अभिभावकों ने बच्चों को स्कूल जाने पर रोक**

**परिजनों का आरोप ना जाने किस बच्चे का होगा अगला मौत, स्कूल में मौत का सौदागर मौजूद**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के बेलगड़ा स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय बेलगड़ा स्कूल में बिलकुल शोले फिल्म के गब्बर सिंह का डायलॉग के तर्ज पर विद्यालय में भी तीन शिक्षिका पर मात्र दो बच्चियां मौजूद है। जिससे लंबी चौड़ी विद्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं महज तीन शिक्षिका अपना आठ घंटे किसी तरह समय व्यतीत कर घर लौट जा रहे हैं। शिक्षिकाओं से पूछे जाने पर उन्होंने ने बताया की जब से विद्यालय के एक छात्र की शिक्षक और शिक्षिका द्वारा रुपए खुले कराने के दौरान बच्चे की मौत हुई है। उस दिन से विद्यालय में अभिभावक लोग विद्यालय में पढ़ने के लिए अपने अपने बच्चों भेजना बंद कर दिए हैं। मंगलवार को तीन बच्चियां आई भी थी तो ग्रामीणों ने बच्चों को विद्यालय से ले गया। मौजूद शिक्षिकाओं ने बताई की हम लोग बतौर सजा के तरह समय काट रहे हैं विद्यालय में कोई नहीं रहने के कारण हम लोगों को भी एक तरह से काला पानी का सजा मिल गया है। चुकी जहां स्कूल में 150 बच्चे होते थे आज बिल्कुल नगण्य है वैसे में किसको अच्छा लगेगा।

### ग्रामीणों और अभिभावकों का क्या कहना है

ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है की हम लोग हत्यारा शिक्षक प्रहलाद सिंह और शिक्षिका बिमला देवी को सुरक्षित पुलिस और प्रशासन को यह कह कर सुपुर्द किया था की ए दोनो हत्यारों पर प्राथमिक दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा जाय। वहीं पुलिस और प्रशासन द्वारा भी कहा गया था की दोनो पर प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा। किंतु दोनो हत्यारों को छोड़ दिया गया है। जिससे हम ग्रामीण विक्षुब्ध होकर अपने अपने बच्चों को स्कूल जाने से बंद करवा दिया है। ना जाने आगे इसी तरह किस बच्चे की जान गवाना पड़ेगा। हम ग्रामीण वैसे शिक्षक और शिक्षिका से दहशत में है।

### क्या था बच्चे के पीछे मौत का मामला

31 अगस्त को समय लगभग दो बजे के बीच राजकीय कृत मध्य विद्यालय बेलगड़ा के हेडमास्टर प्रहलाद सिंह, शिक्षिका बिमला देवी ने मृतक तीसरी क्लास के छात्र मयंक कुमार, पिता देवदत साहू को अपने जेब से एक सौ रुपए का नोट बेलगड़ा चौक से खुला कराने के लिए भेजा था। जहां बच्चा खुला करा कर वापस विद्यालय आने की सोच से निकला था परंतु पुनः विद्यालय नही आ सका। जैसे हीं विद्यालय से मृतक छात्र सिमरिया से बगरा जाने वाली मुख्य सड़क पर चढ़ा की सिमरिया की ओर से बगरा की ओर जा रही खुशी बस ने उसे अपने चपेट में लेकर एक सौ फीट घटते हुए बस फरार हो गया था। जहां ग्रामीणों ने घंटो सड़क जाम कर दिया था और शिक्षक शिक्षिका को एक कमरे में बंद कर दिया था। उसी दिन से ग्रामीणों में काफी आक्रोश और भय व्याप्त है। जब तक दोनों हत्यारे शिक्षक शिक्षिका को न्यायिक हिरासत में भेजा नहीं जाएगा तब तक हम लोग अपने बच्चों को विद्यालय नहीं जाने देंगे चुकी उक्त शिक्षक प्रहलाद सिंह पीआर तीन बार लगे गंभीर आरोपो के बावजूद भी डीएसएसी चतरा और बीईओ सिमरिया रुपया लेकर मामले को रफा दफा करते रहे हैं। अब इनकी एक नहीं चलेगी। दोनो रुपए लेकर विद्यालय पर कोई किसी तरह का कारवाई नहीं किया जाता है। जिससे विद्यालय के शिक्षक अपने मनमानी रवैया अपनाने में कोई कोताही नहीं करते।

# जंगली हाथियों के झुंड ने दो घर को किया ध्वस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोमर ग्राम में मंगलवार की देर रात 10 से 12 की संख्या में जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। जंगली हाथी के झुंड ने कोमर ग्राम निवासी पुरन भुइयां 35 वर्ष पिता स्व.ननकू भुइयां, रामप्रवेश भुइयां के घर को ध्वस्त कर दिया ।जिससे पूरा परिवार स्कूल में अपनी शरण लिए हुए है। ग्रामीणों ने बताया कि जंगली हांथीयो के झुंड ने उत्पात मचाते हुए दो घर को ध्वस्त कर दिया। और घर के अंदर रखे खाने-पीने के समान को चट कर गए ।वहीं खेतों में लगे मकई एवं धान की फसल को पैरों से रौंदकर बर्बाद कर दिया ।ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 15 एकड़ में लगे मकई एवं धान की खेती को हाथियों के झुंड द्वारा नष्ट किया गया है। वहीं घटना की सूचना पाकर बालूमाथ वन विभाग की टीम घटनास्थल पहुंची और नुकसान का जायजा लिया। बता दे की जंगली हाथियों के झुंड द्वारा लगातार इस क्षेत्र में उत्पाद मचाया जा रहा है लेकिन वन विभाग की टीम को भगाने में नाकाम साबित हो रही है।

## समग्र पोषण और पोषण भी पढ़ाई भी थीम पर साईकल रैली का आयोजन



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केन्द्र प्रायोजित पोषण अभियान के तहत इस वर्ष भी 01 सितंबर से 30 सितंबर तक पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष पोषण माह का थीम अनिमिया, वृद्धि निगरानी, उपरी आहार, पोषण भी पढ़ाई भी एवं बेहतर शासन के लिए तकनीक का वृहत उपयोग है। इसी क्रम में बुधवार को उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार समग्र पोषण और पोषण भी पढ़ाई भी थीम पर साईकल रैली का अयोजन किया गया।साईकल रैली का आयोजन के पूर्व पोषण अभियान अन्तर्गत हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। हस्ताक्षर अभियान के पश्चात साईकल रैली को अपर समाहर्त्ता चतरा अरविंद कुमार ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, चतरा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ग्रामीण एवं विभिन्न विद्यालय के छात्र, छात्रा एवं शिक्षकगण उपस्थित रहें। साईकल रैली समाहरणालय परिसर से केशरी चौक होते हुए चतरा सदर प्रखण्ड परिसर तक निकली गई।

# उपायुक्त ने बरही प्रखंड के गौरियाकर्मा पंचायत के शिविर का निरीक्षण किया

## आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

❖शिविर स्थल में लगाये गए विभिन्न विभागों के स्टॉल का किया निरीक्षण, लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का हुआ वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार% कार्यक्रम के तहत् आज बुधवार को उपायुक्त नैंसी सहाय शिविर का निरीक्षण करने के लिए बरही प्रखंड के गौरियाकर्मा पंचायत के शिविर का भ्रमण किया।

इस दौरान उपायुक्त ने शिविर में शामिल हुए लोगों को %आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार% कार्यक्रम के माध्यम से योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विशेषकर आवास विहिनों के लिए शुरू की गई अबुआ आवास योजना को लेकर बताया कि राज्य सरकार वैसे सभी व्यक्ति जिनके पास पक्का मकान नहीं है उनके लिए यह योजना लेकर आई है । उसी प्रकार 10वीं और 12 वीं उत्तीर्ण छात्र जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है वे गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना के लिए अपना आवेदन पंचायत स्तरीय शिविरों में जमा कर सकते हैं । स्वरोजगार के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री पशुधन योजना, छात्राओं के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जैसी कई महत्वपूर्ण योजनायें हैं जिनका लाभ लेने के लिए ग्रामीण अपने पंचायत स्तरीय शिविर में आवेदन कर सकते हैं ।

उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के सभी स्वीकृत लाभुकों को 1000 रु की राशी हस्तांतरित की जा रही है।इस योजना के तहत् 2.5 लाभूक



महिलाओं को लाभ दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उन्होंने ग्रामीणों से जमीन संबंधी शिकायतों को राजस्व विभाग के स्टाल में जाकर अपना आवेदन देने को कहा।

लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण

पंचायत स्तरीय शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया।उपायुक्त, बीडीओ एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। कल्याण मंच से अबुआ आवास योजना का स्वीकृति पत्र, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, साईकिल वितरण,जाति,आवासीय प्रमाण पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, आदि का वितरण किया गया।

इस दौरान 73 छात्र छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण भी किया गया।

स्टॉल का निरीक्षण कर सभी सुयोग्य तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का निर्देश

उपायुक्त द्वारा पंचायत स्तरीय शिविर में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया गया । इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उन्हें योजनाओं की जानकारी दी तथा उनकी समस्याओं को सुनते हुए उचित कार्रवाई को लेकर मौके पर मौजूद प्रखंड के पदाधिकारियों को निर्देशित किया । उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी और लाभ देना उद्देश्य है । सभी स्टॉल पर मौजूद विभागीय पदाधिकारी और कर्मी को ग्रामीणों से अच्छा व्यवहार रखते हुए आवेदन भरने में कोई कठिनाई आती हो तो गाइड करने के निर्देश दिया। साथ ही सभी सुयोग्य व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे इस हेतु ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए ज्यादा से ज्यादा आवेदन जमा कराने के निर्देश दिए। स्टॉल निरीक्षण के दौरान प्राप्त आवेदनों को जांचते हुए आवेदकों से भी बात किया एवं पोर्टल में इंट्री की प्रक्रिया के बारे में उपस्थित कर्मी से जानकारी ली।

## कुसुम्भा एवं बकसपुरा पँचायत में हजारो आवेदन तत्काल निष्पादित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड में आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार सुचारू रूप से अनवरत जारी है,एक तरफ मुखिया मनरेगा कर्मी हड़ताल में है फिर भी विष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवं अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने कार्यक्रम की सफलता में जी तोड़ परिश्रम कर रहे है।जिसका परिणाम है,एक दिन में दो पंचायतो में आने वाली हजारो समस्याओं का निदान तत्काल हो रहा है। आज 04 सितम्बर 2024 को कुसुम्भा पंचायत एवं बकसपुरा पँचायत में कुल 1943 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे 1078 तत्काल निष्पादित किये गए, आपकी योजना,आपकी सरकार,इस मौके पर मुख्य रूप से उप-मुखिया बाबूलाल हेम्ब्रम,पंसस यशोदा देवी,प्रधान सहायक प्रवीण कुमार बक्शी ,दिनेश कुमार उपाध्याय वार्ड सदस्य एवं भारी संख्या में लाभुक मौजूद थे।

## फेयर प्राइस शॉप डीलर्स की हड़ताल की चेतावनी-10 सितंबर से दुकानों में ताला बंद करने की तैयारी



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसियेशन हजारीबाग का एक महत्वपूर्ण बैठक दीपुगढा मुकबधीर स्कूल के सामने आयोजित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नंदु प्रसाद ने की जबकि संचालन जिला महासचिव सुनिल कु सिहां ने किया। बैठक में जिला एसोसियेशन के सभी पदाधिकारियों सहित16 प्रखंडों के अध्यक्ष और सचिवों ने भाग लिया।सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं ने एकजुटता से कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देती, तो10 सितंबर2024 के बाद प्रदेश समिति के निर्देशानुसार वे अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर सकते हैं। - अप्रैल 2024 से 50 पैसे बढ़ाकर कमिशन को 150 रुपये की दर से लागू करना।- कोरोना काल से लेकर मार्च2024 तक के बकाए कमिशन का भुगतान।- ई-पॉस मशीन को2जी से4जी में अपडेट करना।- दुकानों को ऑनलाइन और पेपरलेस बनाना।डीलरों को अप्रैल और मई का कमिशन आधा-अधूरा दिया गया है, जिसमें राज्य का हिस्सा94.50 रुपये दिया गया है जबकि केंद्र का55.50 रुपये नहीं दिया गया है।इन सभी मुद्दों के खिलाफ झारखंड के25,000 डीलर10 सितंबर के बाद अपने दुकानों में ताला लगाने की योजना बना रहे हैं, जिसकी सूचना राज्य सरकार को पत्र द्वारा दे दी गई है।इस बैठक में टेकौचंद महतो, सुकुल राजक, अर्चना सिंहा, चंदन कुमार, श्याम सुंदर पांडे, सत्येंद्र गुप्ता, कुवर साव, शंभु नाथ पांडे, नंदलाल तिवारी, मो एकराम, केदार यादव, सुखदेव साव, खुर्शिद, कुमोद कु दास, सुनिल आनंद, सुरेन पासवान, रामेश्वर राम, राहुल गुप्ता सहित अन्य डीलर उपस्थित थे।

## बरही के रसोइया धमना में सनातन समाज की बैठक, सामाजिक गतिविधियों पर हुई चर्चा

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रसोइया धमना दुर्गा मंदिर परिसर में सनातन समाज की बैठक हुई। अध्यक्षता उप मुखिया वीरेंद्र साहु और संचालन जिला गौरक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता ने की। बैठक की शुरुआत ईश्वर की प्रार्थना से की गई। ग्रामीणों ने अपने ग्राम क्षेत्र में होने वाली सामाजिक और नैतिक गतिविधियों की जानकारी दी और चर्चा की। जिला गौरक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता ने कहा कि सनातन समाज की शक्ति आपसी सामाजिक परिचर्चा में निहित है। इससे सभी प्रकार के सामाजिक दोष समाप्त हो जायेंगे और असमाजिक गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी। जनमानस आपस मे संगठित होगा। सामाजिक एवं धार्मिक मानविन्दुओं की रक्षा हो सकेगी।धार्मिक स्थल की सुरक्षा, धर्म के साथ आपत्तिजनक टिप्पणी और संस्कार क्षरण की समस्या पर लगाम लगेगा। बैठक में प्रो बद्री साहु,सोमर साव,सुखदेव साव, महेश साव, लोकेश कुमार, गिरिराज,नौरंगी लाल, सत्येंद्र कुमार, राजदेव यादव, रामप्रसाद ठाकुर, जयंत कुमार, गोपाल साव, राजेन्द्र साहू समेत अनेक लोग मौजूद थे।



## विद्युत व्यवस्था में सुधार हेतु बिजली विभाग के पदाधिकारी से मिले युवा नेता गौतम

हमारा मकसद रहा है बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में बिजली की व्यवस्था में सुधार का - गौतम



**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधानसभा क्षेत्र के जेबीकेएसएस नेता गौतम कुमार ने हज़ारीबाग जिला बिजली आपूर्ति पदाधिकारी अशोक उपाध्याय , जेविनल के एक्सक्यूटिव इंजीनयर कृष्णदेव प्रजापति व हेस्सा साहब से शिष्टाचार मुलाकात कर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सुदृढ़ करने की अपील की।गौतम कुमार ने वरीय पदाधिकारी से क्षेत्र के समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा की इचाक,टाटीझरिया,दारू,बरकट्ठा ,चलकुशा व चंदवारा में बीते दिन दर्जनों ट्रांसफर्मर जल गया।इस बरसात में आम जनता व अध्धयन कर रहे छात्र छात्राओं को बिजली के अभाव भी बहुत मशक्कत करना पड़ रहा।क्षेत्र में ऐसे कई ट्रांसफर्मर हैं जो महीनों दिन से जला हुआ है।इचाक के बरका कला,बरका खुर्द,दरिया,दिगहि ,लुंदरु,चंदवारा में अभी तक ट्रांसफर्मर नही लगा।उक्त बातों को सुनकर पदाधिकारियो ने कहा कि क्षेत्र में 100 ऊपर ट्रांस्फेरमर जला हुआ है।कल तक कुछ जगह ट्रांसफर्मर उपलब्ध हो जाएगा।बाकी कुछ ट्रांसफर्मर कुछ दिनों में लग जाने की बात कही।

# बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति की प्रथम बैठक हुई संपन्न, लॉटरी ड्रॉ कूपन का किया गया शुभारंभ

❖महासमिति इस वर्ष अपनी 24 वीं वर्षगांठ ऐतिहासिक रूप से आयोजित करेगी

❖16 अक्टूबर को पंडाल परिसर के समक्ष लॉटरी ड्रॉ का होगा आयोजन

❖लॉटरी ड्रॉ कूपन लेकर,आप न केवल अपनी आस्था का प्रतीक देंगे, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी सुदृढ़ करेंगे : ङ्क दीप नारायण निषाद

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** मां दुर्गे का पावन पर्व दुर्गा पूजा जिसको लेकर श्रद्धालुओं में एक अलग उत्साह और उमंग देखने को मिलता है मां दुर्गे का भव्य त्यौहार की तैयारी प्रारंभ हो गई है इसी को लेकर शहर के सबसे चर्चित महासमिति में से एक बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा मल्लाह टोली स्थित धर्मशाला प्रांगण में मंगलवार को देर शाम सचिव दीप नारायण निषाद की अध्यक्षता में प्रथम बैठक संपन्न हुई बैठक की शुरुआत माता रानी की जयकारों के साथ किया गया बैठक में पूजा को लेकर विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया वहीं बैठक के दौरान लॉटरी ड्रॉ कूपन का शुभारंभ किया गया,जिसका ड्रॉ 16 अक्टूबर को पंडाल परिसर बड़ा बाजार के पास किया जाएगा। बैठक की समाप्ति के उपरांत महासमिति के संरक्षक सदानंद सेन एवं सक्रिय सदस्य राम सागर गुप्ता के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित किया गया, साथ महासमिति के प्रति किए गए उनके सेवा कार्यों को याद किया गया।

महासमिति के द्वारा ड्रॉ के पुरस्कार

ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार के रूप में मोटरसाइकिल, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 49 इंच की एलइडी टीवी, तृतीय पुरस्कार फ्रिज,चतुर्थ पुरस्कार वाशिंग मशीन पांचवा पुरस्कार कूलर छठ पुरस्कार साइकिल इसके अलावा दसङ्कदस लोगों को संतावना पुरस्कार के रूप में मिक्सी एवं डिजिटल घड़ी प्रदान किया जाएगा।

मौके पर सचिव दीप नारायण निषाद ने कहा की हम इस वर्ष भी दुर्गा पूजा के लिए लॉटरी ड्रॉ का शुभारंभ करते हुए सभी पदाधिकारी एवं सदस्य अत्यंत उत्साहित हैं। लॉटरी ड्रॉ समाज के सभी वर्गों को इस महान पर्व का हिस्सा बनने का अवसर भी प्रदान करता है। हम सभी से आग्रह करते हैं कि वे इस लॉटरी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दें। इस बार की लॉटरी में भाग लेकर, आप न केवल अपनी आस्था का प्रतीक देंगे बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी सुदृढ़ करेंगे।

मौके पर ऱ्ङ्क सचिव दीप नारायण निषाद, ओम प्रकाश गुप्ता, बाल गोविंद निषाद, शैलेंद्र यादव, शिवदीप सिंह,दिलीप जायसवाल, शिवशंकर गुप्ता, प्रदीप जैन, पवन रावत खण्डेलवाल, गुड्डन सोनकर, रितेश खण्डेलवाल, लखन निषाद, किशोर सोनी, लक्ष्मण निषाद,बिनोद सिंह, नमन अग्रवाल, आशुतोष चौधरी, अनिल मद्धेशिया, पंकज कसेरा, संजय यादव, प्रेम निषाद,अमन कुमार सहित कई लोग मौजूद रहें।

## मुखिया संघ के माँगो के समर्थन में उतरे उप-मुखिया एवं वार्ड सदस्य

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखण्ड सरकार से अपनी पाँच सूत्री माँगो को लेकर मुखिया संघ पूरी एकजुटता के जुटा है। मुखिया संघ 27 अगस्त 2024 से अनिश्चित कालीन हड़ताल में है। विष्णुगढ़ प्रखण्ड में मुखिया संघ की माँगो को लेकर सबसे पहले कल मंगलवार को सारूकुदर उप-मुखिया माजदा प्रवीण ने पत्र जारी कर अपना समर्थन दिया था,इसी कड़ी में आज आज करगालो उप-मुखिया प्रमिला देवी एवं अलपिटो पंचायत से वार्ड सदस्यो ने भी मुखिया संघ के समर्थन में पत्र जारी करते हुए अपना समर्थन दिया। देखा जाय तो मुखिया संघ के समर्थन में जिस तरह से पँचायत प्रतिनिधि समर्थन दे रहे वैसे में आने वाले दिनों में आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार में भारी फजीहत होने की प्रबल संभावना से इंकार नही किया जा सकता।

## 8 सितंबर को मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों में 8 सितंबर को एक मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश सिन्हा कि देखरेख में और जिला प्रशासन के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना ने दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत जिले के प्रायः सभी प्रखंडों में यह कार्यक्रम 8 सितंबर को समय करीब 11 बजे से प्रारंभ होगा। वहीं टाउन हॉल में जिला के प्रधान जिला जज, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी समेत कई पदाधिकारियों के मौजूद रहने की सूचना है। इसके लिए प्रखंड स्तर पर अलग-अलग टीम बनाई गई है। कार्यक्रम में जहां सरकार की योजनाओं के तहत लाभुकों को सरकार के तहत मिलने वाली सुविधाओं से लाभान्वित किया जाएगा। वहीं लोगों को कानूनी जानकारियों से भी अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम बहुत ही बड़े पैमाने पर की जा रही है। जिसकी तैयारियां कर ली गई है। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिले के ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकें, यही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। साथ ही लोगों तक कानूनी जागरूकता आसानी से पहुंच सके इसको लेकर भी यह कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने इस कार्यक्रम से जुड़े हुए सभी लोगों और आम जनों से अपील की है कि कार्यक्रम में अपने-अपने प्रखंड में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर इससे लाभान्वित हो और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# सरयू साव ने फुटबॉल मुकाबले का किक मारकर किया शुभारम्भ

प्रभात मंत्र संवाददाता



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड में इन दिनों फुटबॉल अपनी चरम सीमा में है। हर रोज भिन्न-भिन्न पंचायतो से फुटबॉल मैच का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत गोविंदपुर पँचायत में जेएलकेएम के नेतृत्व में 3 सितम्बर 2024 को दिवा-रात्रि फुटबॉल मुकाबले ( डे-नाइट मैच) का आयोजन किया गया। इस मुकाबले में बतौर मुख्यातिथि जेएलकेएम जिलाध्यक्ष सह विष्णुगढ़ उप-प्रमुख सरयू साव ने फुटबॉल को किक मारकर मुकाबले का शुभारंभ किया। उद्धघाटन मुकाबले में सिधाबारा बनाम जमनीजारा के बीच रात्रि में दूधिया रौशनी में नहाए फुटबॉल मैदान में रोमांचक मुकाबले का लुत्फ खेलप्रेमियों ने जमकर उठाया। इस रोमांचक मुकाबले में सिधाबारा एक गोल से जीत हासिल की। इस मौके पर मुख्य रूप से जेएलकेएम केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र महतो उर्फ माही पटेल,पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल,गुरु प्रसाद,विजय सर,तिलेश्वर साव,शौर्य प्रदीप कुमार,धानेश्वर महतो,सोनू साव,माही बाबू समेत सैकड़ो की सँख्या में जेएलकेएम कार्यकर्ता एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड बरही के तीसरी बार अध्यक्ष बने उदय केशरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, गया रोड बरही का 9वा साल दुर्गा पूजा मनाने जा रही है। जिसे लेकर बरही गया रोड स्थित छोटा शिवमंदिर प्रांगण में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने किया। बैठक में हर वर्ष की भांति भव्य पंडाल निर्माण व हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा मनाने पर विचार विमर्श करते हुए योजना तैयार किया गया। वहीं वर्ष 2024 के लिए सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, गया रोड बरही का कमिटी गठन किया गया। बैठक में सर्व सम्मति से कमिटी के पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष पद के लिए उदय प्रसाद केशरी चुने गए। इस तरह दुर्गा पूजा समिति के लोगों ने उन्हें तीसरा बार अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी सौंपी। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए शिवा निषाद, सुरेंद्र निषाद, मुकेश मद्धेशिया व सुजीत कुमार को चुना गया। कोषाध्यक्ष में बिनोद कुमार केशरी महासचिव पद पर बलराम केशरी को चुना गया। सचिव पद के लिये पप्पू प्रसाद केशरी,



शैलेंद्र कुमार, अभिषेक निषाद का चयन किया गया। वहीं समिति के मुख्य संरक्षक के रूप में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव एवं रमेश ठाकुर, मुखिया शमशेर आलम, गुरुदेव गुप्ता, राजसिंह चौहान व रामानंद सिंह का चयन किया गया। संयोजक के रूप में वीरेंद्र उर्फ वीरू विश्वकर्मा, प्रदीप कुमार, विजय जायसवाल, मनोज साव, महेंद्र निषाद, अजीत निषाद व राजू निषाद को चयन किया गया। कार्यकारिणी सदस्य में दिलीप राणा, अजय राणा, करण निषाद, विक्कू कुमार, राजन चंद्रवंशी, शुभम भगत, जीतू राणा, विनय केशरी आदि को शामिल किया गया।

# भाजपा नेता अमित सिन्हा ने किया कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र का दौरा

❖गाँव का विकास ही लोकतंत्र की मज़बूती है : डॉ अमित सिन्हा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** कटकमदाग के दौरे पर पहुंचे डॉ. अमित सिन्हा ने स्थानीय गाँव रेशाम के निवासियों से मुलाकात की और वहां के सांस्कृतिक वातावरण और गर्मजोशी का आभार व्यक्त किया। अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान, डॉ. सिन्हा ने गांव की खुशबू और लोगों के प्यार को शब्दों में व्यक्त करना कठिन बताया।

डॉ. सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि ÷गाँव का विकास ही लोकतंत्र की मज़बूती है।÷ उनका मानना है कि एक मजबूत और समृद्ध गाँव लोकतंत्र की नींव को मजबूत करता है और समाज के विभिन्न पहलुओं को सशक्त बनाता है। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय समस्याओं और जरूरतों को प्राथमिकता देना उनका मुख्य उद्देश्य है।

डॉ. सिन्हा ने कहा कि कटकमदाग के लोगों से मिलकर उन्हें विशेष प्रकार की सांस्कृतिक भावना और सामुदायिक एकता का अनुभव हुआ, जो उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक था। उन्होंने लोगों के समर्थन को अपने लिए एक बड़ी जिम्मेदारी माना और आश्वस्त किया कि वह अपने क्षेत्र और समाज को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

डॉ. सिन्हा ने अपनी बात में ग्रामीण विकास पर जोर देते हुए कहा कि यह न केवल समाज की बेहतरी के लिए आवश्यक है, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका लक्ष्य है कि वह स्थानीय समस्याओं को समझें और समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाएं।

इस अवसर पर, डॉ. सिन्हा ने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं, जरूरतों और आशाओं के बारे में जानकारी ली और उन्हें विश्वास दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों का विश्वास उनके लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है और वह इसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# इचाक डबल मर्डर केस बरकाकाला गांव में पहुंची पुलिस, हत्या से जुड़े अहम सुरागों की तलाश जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**इचाक :** झारखंड के इचाक क्षेत्र में कोचिंग संचालक शिक्षक दंपति राहुल कुमार मेहता और पूजा यादव की निर्मम हत्या के मामले में जांच प्रक्रिया तेज़ी से आगे बढ़ रही है। पुलिस की एक विशेष टीम ने इस मामले से जुड़े तथ्यों का पता लगाने के लिए बरकाकाला गांव का दौरा किया । इस कदम से उम्मीद की जा रही है कि मामले से जुड़े कई अहम सुराग जल्द ही सामने आ सकते हैं। यह हत्या का मामला तब सामने आया जब बीते 14-15 जून की रात को राहुल कुमार मेहता और उनकी पत्नी पूजा यादव की हत्या कर दी गई। इस घृणित अपराध में राहुल के सगे भाई बबलू कुमार मेहता का नाम मुख्य आरोपी के रूप में उभर कर आया था। पुलिस की प्राथमिक जांच में यह पाया गया कि बबलू ने चार-पांच अन्य अपराधियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया था।जांच के दौरान यह बात सामने आई कि हत्या के बाद शवों को जलाने के लिए जिन लकड़ियों का उपयोग किया गया था, वे बरकाकाला गांव से मंगाई गई थीं। पुलिस ने जानकारी दी है कि बरकाकाला गांव का एक युवक इस पूरे घटना क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा था। उसने ही इन लकड़ियों को पास के एक गांव से खरीदा था और उन्हें पारसी श्मशान घाट तक पहुंचाने के लिए एक ऑटो रिक्शा का इंतजाम किया था। पुलिस ने बरकाकाला गांव के उस युवक से संपर्क साधने की कोशिश की है, जो लकड़ियों की खरीद और श्मशान घाट तक पहुंचाने के पूरे प्रक्रिया में शामिल था। हालांकि, अभी तक उस युवक से सीधी मुलाकात नहीं हो पाई है, लेकिन उसे थाने में बयान देने के लिए बुलाया गया है। पुलिस का मानना है कि उसकी गवाही से इस मामले में और भी महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। इसके अलावा, पुलिस उस ऑटो चालक की भी तलाश कर रही है, जिसने बरकाकाला के युवक के कहने पर लकड़ियों को ऑटो में लादकर श्मशान घाट तक पहुंचाया था। माना जा रहा है।

## बगोदर के प्रवासी मजदूर की मलेशिया में हुई मौत, गांव पसरा मातम



**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत औरा भुवनेश्वर महतो उर्फ मुन्ना महतो के 36 वर्षीय पुत्र संजय महतो की मलेशिया में मौत हो गई.सोमवार को शाम में उसकी मौत होने की सूचना परिजनों को मिली, तब उनके होश उड़ गए.वह मलेशिया में केइसी ट्रांसमिशन कंपनी में काम करता था. उसकी मौत कैसे हुई इसकी जानकारी परिजनों को नहीं मिली है.बताया जा रहा है कि वह 1 वर्ष पूर्व काम करने मलेशिया गया था. युवक की मौत की सूचना मिलने के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है. युवक शादीशुदा था. उसके तीन छोटे छोटे बच्चे भी हैं घर का एक लौता कमाऊ व्यक्ति था । परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है घटना से पुरा गांव में मातम पसरा है उसकी मौत कैसे हो गई, इसकी जानकारी परिजनों को नहीं मिल पायी है इधर, घटना की सूचना मिलने पर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले सिकंदर अली प्रवासी मजदूर संजय महतो के के परिजनों से मिले और पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाई है।

## असर्फी हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह ने बाघमारा प्रखंड के पहाड़पुर में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कराया। इस शिविर का उद्देश्य स्थानीय निवासियों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच और आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान करना था, जिसमें मुख्य रूप से केंसर के लक्षण, बचाव के उपाय और इसके प्रारंभिक स्तर के निदान को प्रतित्साहित करना था। इस शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और उन्होंने विभिन्न चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर हरेन्द्र सिंह ने कहा कि असर्फी हॉस्पिटल समाज के कमजोर और जरूरतमंद तबकों के लिए समर्पित है और ऐसे शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को दूर-दराज के क्षेत्रों में पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में इस प्रकार के और भी शिविर आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। असर्फी हॉस्पिटल की टीम ने शिविर के दौरान समुदाय आधारित मूल्यांकन चेकलिस्ट फॉर्म के माध्यम से रक्तचाप, आरबीएस, प्लस, ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन, सामान्य स्वास्थ्य एवं कैंसर की जांच की। इस कार्यक्रम को स्थानीय लोगों ने बहुत सराहा और हरेन्द्र सिंह द्वारा की गई इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया।

## वेलआर्ट फेस्टिवल का वेंडिंग बेल्स में 28 सितंबर को वेलआर्ट डांडिया फेस्टिवल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वेलआर्ट फेस्टिवल की तरफ से वेडिंग बेल्स में 28 सितंबर को वेलआर्ट डांडिया फेस्टिवल का आयोजन शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक किया जाएगा। इवेंट में म्यूजिकल बैंड ग्रुप गायक, डीजे, गुजराती डांस ग्रुप, बॉलीवुड डांस ग्रुप, ढोल ग्रुप के परफॉर्मेंस का प्रस्तुति किया जाएगा। साथ ही विभिन्न स्वादिष्ट एवं लजीज फूड के स्टॉल (शुल्क) की व्यवस्था भी होगी। आयोजक ने बताया महोत्सव कार्यक्रम में एलबी सिंह व उनकी धर्मपत्नी आरती सिंह, कुंभनाथ सिंह उनकी धर्मपत्नी जया सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। वेलआर्ट फेस्टिवल कार्यक्रम ऑनर सिम्पल कुमारी और सनी सिंह, शालिनी गौतम, रेहान सिद्दीकी, सुभम यादव, विशाल यादव सभी के सहयोग से आयोजन किया जा रहा है। अधिक से अधिक लोग इस रोचक कार्यक्रम में शामिल हो इसके लिए धनबदवाशियों को निमंत्रण दिया जा रहा है।

## 07 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में वृद्धि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** अगामी पर्व-त्यौहार के मद्देनजर एवं यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर चलायी जा रही 07 जोड़ी स्पेषल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी संख्या 06085 एरणाकुलम-पटना स्पेशल अब एरणाकुलम से 13.09.2024 से 29.11.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जायेगी ।
2. गाड़ी संख्या 06086 पटना-एरणाकुलम स्पेशल अब पटना से 16.09.2024 से 02.12.2024 तक प्रत्येक सोमवार को परिचालित की जायेगी ।
3. गाड़ी संख्या 06059 कोयम्बत्तूर-बरौनी स्पेशल अब कोयम्बत्तूर से 10.08.2024 से 26.11.2024 तक प्रत्येक मंगलवार को परिचालित की जायेगी ।
4. गाड़ी संख्या 06060 बरौनी-कोयम्बत्तूर स्पेशल अब बरौनी से 13.09.2024 से 29.11.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जायेगी ।
5. गाड़ी संख्या 06063 कोयम्बत्तूर-धनबाद स्पेशल अब कोयम्बत्तूर से 13.09.2024 से 29.11.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जायेगी ।
6. गाड़ी संख्या 06064 धनबाद-कोयम्बत्तूर स्पेशल अब धनबाद से 16.09.2024 से 02.12.2024 तक प्रत्येक सोमवार को परिचालित की जायेगी ।
7. गाड़ी संख्या 02832 भुवनेष्वर-धनबाद स्पेशल अब भुवनेष्वर से 30.09.2024 से 30.12.2024 तक प्रतिदिन परिचालित की जायेगी ।
8. गाड़ी संख्या 02831 धनबाद-भुवनेष्वर स्पेशल अब धनबाद से 01.10.2024 से 31.12.2024 तक प्रतिदिने परिचालित की जायेगी ।
9. गाड़ी सं. 05573 सरायगढ़-देवघर स्पेषल का परिचालन अब सरायगढ़ से 05.09.2024 से 30.09.2024 तक प्रतिदिन किया जाएगा ।

# एसडीओ ने 400 घनफीट अवैध बालू लदे 4 टाटा 407 को किया जब्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक के नेतृत्व में बुधवार की सुबह हीरापुर में औचक जांच अभियान चला कर अवैध बालू लदे 4 टाटा 407 को पकड़ा गया।

इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि बुधवार की सुबह बालू के अवैध कारोबार के विरुद्ध अभियान चला कर हीरापुर के विवेकानंद चौक, डीएस कॉलोनी, ज्ञान मुख़र्जी रोड तथा प्रेम गली में अवैध बालू लदे टाटा 407 संख्या जेएच 10 बी.एम. 2326, जेएच 10 ए.टी. 5872, जेएच 10 बी.जे. 7449 तथा जेएच 10 टी 8676 को जब्त किया गया। प्रत्येक वाहन पर लगभग 100-100 घनफीट अवैध बालू लदा हुआ था।

जब्त किए गए वाहनों को धनबाद थाना को सुपुर्द कर वाहन के मालिक, चालक और उप चालकों पर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

## केन्द्रीय मंत्री अन्नपुर्णा देवी ने रेल मंत्री से धनबाद वाया कोडरमा से मुम्बई सूरत के लिए नई ट्रेन संचालन की मांग किया



अशोक कुमार@प्रभात मंत्र

**बगोदर :** कोडरमा संसदीय सहित आस पास के क्षेत्र से तथा अन्य राज्यो से बड़ी संख्या में लोग अपनी नौकरी पेशा व्यवसाय और रोजगार को लेकर औधोगिक शहर सुरत मुम्बई में अपने परिवार के दायित्व को निर्वाहन व रोजी रोजगार को लेकर रुख करते है। ऐसे में आवागमन में समुचित सुविधा नही होने से ट्रेन में बड़ी समस्या होती है इसे लेकर भारत सरकार के महिला व बाल विकास मंत्री सह कोड़रमा लोकसभा क्षेत्र के सांसद अन्नपुर्णा देवी ने रेल मंत्री अश्विनी बैष्णव को पत्र लिकर धनबाद वाया कोडरमा मुगलसराय मुम्बई सुरत के लिए नई ट्रेन संचालन की मांग किया है जिसमें सप्ताह में कम से कम तीन दिन संचालन करण्या जाय । उन्होंने कहा है कि हाल में दुर्गा पूजा दीपावली एवं छठ पूजा जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार आने वाले है ऐसे अवसर पर लोगों के आवागमन पर विकट समस्या उत्पन्न होती है पिछ्ले काफी दिनों इस क्षेत्र के लोग की मांग रही है कि धनबाद से मुम्बई वाया कोडरमा मुगलसराय सूरत होते हुए एक नयी ट्रेन का संचालन सप्ताह में कम से कम तीन दिन कराया जाय।

## टीएमसी नेता मुख्तार अहमद के प्रयास से लगा ट्रांसफार्मर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सिन्द्री विधानसभा अंतर्गत मुर्गाबनी क्षेत्र मे पिछ्ले 21 दिनो से ट्रांसफार्मर खराब था।

इतने दिनो तक बिना बिजली के वहां का जन जीवन काफी अस्त व्यस्त हो गया था।

इस बाबत स्थानीय लोगों ने कई बार संबंधित विभाग के चक्कर लगाए और अधिकारियों को अपनी समस्या से अवगत कराया किन्तु कोई भी नतीजा नहीं निकला। तत्पश्चात स्थानीय ग्रामीणो का एक प्रतिनिधिमंडल टीएमसी झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद से मिल अपनी पीड़ा बताई। वहीं इस मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्तार अहमद ने त्वरित रूप से बिजली विभाग के उच्च पदाधिकारियो से वार्ता की और नया ट्रांसफार्मर लगवाया। नया ट्रांसफार्मर लग जाने से 21 दिन से पड़े अंधकार पर विराम लग गया तथा मुर्गाबनी क्षेत्र रौशनी से एक बार फिर जगमगा उठा और स्थानीय लोगों मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी। वहीं ट्रांसफार्मर लगते समय मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित टीएमसी नेता मुख्तार अहमद को स्थानीय लोगों ने धन्यवाद दिया।

## उपायुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा नगर निगम के पशु चिकित्सालय भंडारीडीह में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया तथा सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि आमजनों के समस्याओं का समाधान और निराकरण को लेकर इसका आयोजन किया जा रहा है, ताकि अपने पंचायत में ही आप सभी अपने समस्याओं का आवेदन देने के साथ नई योजनाओं की जानकारी और लाभ लेने के तरीके से अवगत हो सके। आगे उपायुक्त ने कहा कि कैम्प में आप सभी सुविधा हेतु हेल्प डेस्क बनाया गया है, जिससे आवेदन जमा करते समय इस बात विशेष ध्यान रखे कि आवश्यक दस्तावेज, अपना हस्ताक्षर और मोबाइल नंबर फॉर्म के साथ हो, ताकि समय पर आपको आवेदन की



प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी दी जा सके। आगे उपायुक्त ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना की जानकारी से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि पंचायतों/नगर निकायों में लगने वाले प्रत्येक शिविर में अलग से काउंटर बनाए गए है। इस योजना का लाभ केवल आवास विहीन परिवारों (जिनके पास एक भी पक्का मकान नहीं है) को दिया जाएगा। इसके अलावा पीएम आवास, इंदिरा आवास, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना का लाभ जिन्हें नही मिला है उन्हें अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। साथ ही झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत योग्य महिलाओं और बहनों को प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि उपलब्ध कराई जा रही है। आगे उपायुक्त ने राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की जानकारी से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि इस योजना के तहत पढ़ने वाले 10 वीं और 12 वीं कक्षा के बच्चों को 15 लाख रुपये तक शिक्षा ऋण प्रदान किया जाएगा। साथ ही उपायुक्त ने मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की जानकारी से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से सरकार का उद्देश्य है कि गांवों से प्रखंड, जिला मुख्यालय एवं शहर तक आवागमन की सुविधा बहाल करना है। आगे उन्होंने कैम्प में लगे बैंक शिविर के माध्यम से बैंक से जुड़ी समस्याओं का निदान करा सकते है। साथ ही आधार कार्ड में सुधार और त्रुटि के निराकरण हेतु शिविर लगाया गया है। राजस्व से संबंधित कैम्प में लगाना-रसीद, दाखिल-खारिज, जमीन नापी आदि समस्याओं का निदान करा सकते है। साथ ही कैम्प के माध्यम से जाति, आवासीय जैसे प्रमाण पत्र भी बना सकते है।

जिला प्रशासन का प्रयास है कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगो के समस्याओं का निराकरण तय समय अनुसार किया जा सके।

## गिरिडीह विधायक द्वारा इलाज व दुर्घटना ने घायल चार लोगों को सहायता राशि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** मंगलवार को गिरिडीह सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के द्वारा अलग अलग क्षेत्रों के 4 व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों को इलाज व दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के बिच कुल एक लाख अस्सी हजार रुपये के चेक के द्वारा सहायता राशि प्रदान किया गया।

जिसमे इलाज हेतु 2 व्यक्तियों में शिबलाल मुर्मू को 40 हजार और अविनाश कुमार गुप्ता को 40 हजार रुपये का चेक दिया गया, दूसरी ओर अन्य दुर्घटना में 2 मृतकों की पीड़िता में रीना देवी को 50 हजार और सुनीता देवी को 50 हजार रुपये का चेक चारों लोगों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से मदद के रूप में दिया गया द्य बताया जाता है की इसी प्रकार गरीब, असहाय व जरुरत मंद लोगों की मदद विधायक सोनू के द्वारा हमेशा किया जाता हैं।


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**Office of the General Manager, Transmission Zone-III, Jamshedpur**
**132/33 KV. Grid Campus Gamharia, P.O- Gamharia, Distt- Seraikella-Kharsawan, Pin- 832108**
**email id: tz3jsr_jusnl@rediffmail.com**

**e-TENDER NOTICE**

e-Tender in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following works :-

| NIT No. | Description of work | Cost of B.O.Q | E/M to be deposited |
|---|---|---|---|
| 167/PR/JUSNL/2024-25 | PCC and metal spreading work of 132 kV RKSN and KNPS bay area at 132/33 kV GSS, Sikursai (Chaibasa-II). | Rs. 5,900.00 (Rs. 5,000/- + GST@18% (SGST9%+CGST9%) | Rs. 54,000.00 |
| 168/PR/JUSNL/2024-25 | Construction of chemical earthing in forest, rocky and normal foundation of tower location No. 186, 187, 188, 189, 190, 191, 192, 193, 194, 195, 196, 197, 198, 199, 200, 201, 202, 203, 204, 205, 206, 207, 208, 209, 210, 211, 212, 213, 214, 215, 216, 217, 218, 219, 220, 221, 222, 223, 224, 225, 226, 227, 228, 229, 230, 231, 232, 233, 234, 235, 236, 237, 238, 239, 240, 241, 242, 243, 244, 245, 246, 247, 248, 249, 250, 251, 252, 253, 254, 255, 256, 257, 258, 259, 260, 261, 262, 263, 264, 265 (Total 80 towers) of 132 KV S/C Joda- Kendposi transmission line under the jurisdiction of Transmission Sub-Division Kendposi. | Rs. 5,900.00 (Rs. 5,000/- + GST@18% (SGST9%+CGST9%) | Rs. 47,100.00 |
| 169/PR/JUSNL/2024-25 | Repairing of badly rusted tower legs of 132 kV S/C Rajkharsawan-Goilkera Transmission line under 132/33 kV GSS, Rajkharsawan. | Rs. 5,900.00 (Rs. 5,000/- + GST@18% (SGST9%+CGST9%) | Rs. 32,800.00 |
| 170/PR/JUSNL/2024-25 | Concreting & metal spreading work in 132 kV Transformer no- 03 bay & Bus-coupler bay at 132/33 kV GSS, Jadugoda. | Rs. 5,900.00 (Rs. 5,000/- + GST@18% (SGST9%+CGST9%) | Rs. 71,500.00 |
| 171/PR/JUSNL/2024-25 | Repairing of old damaged cable trench brick wall and replacement of broken/damaged cable trench slabs at 220/132 kV GSS, Chandil-I. | Rs. 5,900.00 (Rs. 5,000/- + GST@18% (SGST9%+CGST9%) | Rs. 73,100.00 |

| | |
|---|---|
| Start Date and time of downloading of tender documents | 06.09.2024 at 02:00PM |
| Start Date and time of upload of BID | 06.09.2024 at 03:00PM |
| End date and time of upload of BID | 27.09.2024 upto 03:00PM |
| BID Opening date for technical part | 28.09.2024 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-III, Jamshedpur, Campus 132/33 kV. Grid Colony Adityapur -I, Phase-VI, Post-Gamharia,Seraikella-Kharsawan, Pin Code– 832108 (Jharkhand). |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours.
2. Bidder shall deposit online Tender fee (as mentioned above), as per rules of e-tendering portal. Bidder shall deposit online EMD (as mentioned above), as per rules of e-tendering portal.
3. The bids will be received through electronic tendering mode only.
4. Please contact 9771790288/7903674983 for any enquiry.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (Trans Zone-III)
(Jamshedpur)

PR 334576 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25).D



**ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

**ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस (द्वितीय आमंत्रण) अति अल्पकालीन**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–**19/2024-25/EE/BCD/LATEHAR** दिनांक– 03.09.2024

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत चेटर में राजकीय मध्य विद्यालय, आन में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाईब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत मासियातु में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मासियातु में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत बालू में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, घुटाम में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत गणेशपुर में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, गणेशपुर में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 5 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के पंचायत गोनिया में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, गोनिया में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 6 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पेशरार में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गिरे में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 7 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत कामता में राजकीयकृत मध्य विद्यालय, दामोदर में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 8 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के पंचायत टोंटी में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, टोंटी हेसला में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 9 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के पंचायत टोंटी में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, इटके में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 10 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चंदवा के पंचायत जमीरा में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, महुआमिलान में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 11 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चंदवा के पंचायत माल्हन में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, माल्हन में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 12 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चंदवा के पंचायत माल्हन में मध्य विद्यालय, गनियारी में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 13 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के पंचायत सालवें में राजकीय मध्य विद्यालय, सालवें में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 14 | Proposed Setting up of Integrated Public Health Laboratory at Sadar Hospital Latehar | 86,72,700.00 | 09 (Nine) Months |
| 15 | Proposed Construction of Health Sub Centre at Khamikhas, Dist-Latehar | 55,50,000.00 | 09(Nine) Months |
| 16 | Proposed Construction of Health Sub Centre at Goniya , Dist-Latehar | 55,50,000.00 | 09 (Nine) Months |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 09/09/2024 को 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 18/09/2024 को 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 19/09/2024 को 11:30 बजे
   नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**Note :-** UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

प्रथम आमंत्रण **PR 328713 (Building) 24-25 (D)**
प्रथम आमंत्रण **PR 332791 (Building) 24-25 (D)**
प्रथम आमंत्रण **PR 329543 (Building) 24-25 (D)**
प्रथम आमंत्रण **PR 331221 Building (24-25) D**

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 334640 Building(24-25).D

चलते चलते एक नजर

## बैरगनिया नगर का बाईपास सड़क भी जल्द बनेगा : सिंधु गुप्ता



**बैरगनिया(सीतामढ़ी) :** आधारभूत संरचना एवं परिवहन उत्तर बिहार उपभाग नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार के द्वारा बाबा लाल दास मठ रोड को 13 फीट चौड़ी पीसीसी सड़क बनाने के लिए 69 लाख का टेंडर हो चुका था, उक्त टेंडर का समय सीमा समाप्त होने एवं तकनीकी बाध्यता को देखते हुए उक्त विभाग ने टेंडर को रद्द कर दिया है। अब सभापति सिंधु गुप्ता के अनुरोध पर बाबा लाल दास मठ रोड को 20 फीट चौड़ी पीसीसी सड़क बनाने की योजना बनाई गई है। इसके लिए जल्द ही निविदा निकाल कर कार्य करा दिया जाएगा। उक्त बातें नगर परिषद के सभापति सिंधु गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है। वही सभापति ने कहा कि बैरगनिया नगर का बाईपास सड़क भी जल्द से जल्द बना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा लाल दास मठ रोड एवं बाईपास रोड दोनों सड़क काफी महत्वपूर्ण है। नगर परिषद क्षेत्र के लोगों को जो असुविधा हुई है उसके लिए मुझे खेद है।

## केन्द्र ने राज्यों से मांगी डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों की रिपोर्ट

**नई दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने बुधवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश को पत्र लिखकर डॉक्टरों और अन्य मेडिकल पेशेवरों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी देने को कहा है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 10 सितंबर तक इस बारे में जवाब देने को कहा गया है। तीन सितंबर को सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा गया है कि 28 अगस्त को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में डॉक्टरों और मेडिकल पेशेवरों को सुरक्षा सुनिश्चित करने के कई अहम पहलुओं पर चर्चा की गयी थी। इसमें राज्यों को मेडिकल कॉलेजों में सुरक्षा ऑडिट कराने, संवेदनशील संस्थानों की पहचान करने, सीसीटीवी से निगरानी, स्थानीय पुलिस के साथ बेहतर समन्वय बनाने, सुरक्षा कमेटी का गठन, संस्थानों में सुरक्षा जांच संबंधी व्यवस्था और अन्य उपाय सुनिश्चित करने को कहा गया था। राज्यों से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी है। उल्लेखनीय है कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद देशभर में चिकित्सकों ने सुरक्षा की मांग को लेकर लंबे समय तक प्रदर्शन किया। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की दखल के बाद केन्द्र सरकार ने सुरक्षा संबंधी उपाय सुझाने के लिए कमेटी का गठन किया है।

लातेहार जिला भाजपा कार्य समिति की बैठक संपन्न

# पार्टी प्रत्याशी को जीतने के लिए पूरी ताकत के साथ काम करने की जरूरत : तोखन साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार जिला भाजपा कार्य समितिकी बैठक संपन्न हुई। जहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर बैठक की शुरुआत हुई। आगंतुक अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज सिंह एवं संचालन जिला महामंत्री अमलेश कुमार सिंह ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित भारत सरकार के शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के द्वारा दिए गए सभी कार्यों को ईमानदारी पूर्वक ससमय पूरा करते हुए आगामी विधानसभा में अपने-अपने प्रत्याशी के पक्ष में काम करते हुए विजयी बनाना है। ताकि भारतीय जनता पार्टी की सरकार झारखंड में भी बन सके।

सांसद और पलामू के प्रमंडलीय प्रभारी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

बेठक में बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित चतरा के सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि जिस प्रकार आप सबों ने पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ मुझ जैसे कार्यकर्ता को दिल्ली भेजने का काम



किया है। ठीक उसी तरह आगामी विधानसभा चुनाव में भी पार्टी के प्रत्याशी को जिताकर रांची भेजना है। बैठक में उपस्थित विशिष्ट अतिथि पलामू प्रमंडल के प्रभारी विकास प्रीतम सिन्हा ने कहा कि मैं आप लोगों के सहयोग के लिए सदैव तैयार हूं। वर्तमान की हेमंत सरकार ने जिस प्रकार से वादाखिलाफी करने का काम किया है इसे जनता तक पहुंचाते हुए देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं के संदर्भ में लोगों को बताते हुए एकजुट करने की जरूरत है।

**लातेहार प्रभारी अविनाश कुमार वर्मा ने जिला कमिटी को चुनाव में लगने का किया आह्वान**

बैठक में जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा ने लातेहार जिला के सभी प्रकार के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जीत दर्ज करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अतिथियों को अवगत कराया जबकि मनिका प्रभारी प्रेम सिंह एवं लातेहार प्रभारी अविनाश कुमार वर्मा ने लातेहार जिला द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने पर जिला अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी समेत पूरी कमेटी को बधाई देते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में भी पूरी मुस्तैदी के साथ लग जाने का आह्वान किया।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

आज की बैठक में मुख्य रूप से पूर्व सांसद बृजमोहन राम, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, पूर्व विधायक प्रकाश राम, पुर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह, अवधेश सिंह चेरो, नीलम यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष सीता मनी तिर्की, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा समेत सभी मंडलों के अध्यक्ष, मंच मोर्चा के अध्यक्ष एवं कई पंचायत प्रतिनिधियों के साथ जिला कार्यसमिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। बैठक का धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री बंशी यादव ने किया।

पलामू के डीसी शशि रंजन ने पेश की मानवता की मिशाल

# दिव्यांग निसार अहमद को मिला ऑनस्पॉट ट्राई साईकल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया।जनता दरबार में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए दर्जनों फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं उसके निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित विभागीय पदाधिकारी को निर्देश दिया।जनता दरबार में हैदरनगर के करीमडीह से आये वृद्ध नागरिक निसार अहमद ने उपायुक्त से आवागमन हेतु ट्राईसाईकिल की मांग की। उन्होंने बताया कि वह दिव्यांग है जिसके कारण चलने-फिरने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।अतः उन्हें ट्राईसाईकिल दिया जाए।इस पर उपायुक्त ने समाज कल्याण पदाधिकारी को ट्राईसाईकिल देने का निर्देश दिया। इसके पश्चात निसार अहमद को ऑन स्पॉट ट्राईसाईकिल प्रदान किया गया।इसके पूर्व जब उपायुक्त के संज्ञान में आया कि वह हैदरनगर से आये हैं। इसपर उन्होंने उनके लिए खाने का भी प्रबंध किया।मौके पर श्री अहमद ने कहा कि आये थे ट्राईसाईकिल मांगने डीसी साहब ने ट्राईसाईकिल के साथ ही भोजन भी खिलाया उनको बहुत-बहुत धन्यवाद।

# आजसू डेलीगेट ने किया भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष से मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** आजसू पार्टी का डेलीगेट जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में आज सर्किट हाउस में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू प्रमंडल संगठन प्रभारी विकास प्रीतम से शिष्टाचार मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान अपनी बात रखते हुए आजसू जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि भाजपा आजसू का गठबंधन स्वाभाविक है परंतु गढ़वा में इसे नजरअंदाज कर चला जाता है। यह एनडीए के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि चंद महीने बाद होने वाले विधान सभा चुनाव में गढ़वा विधानसभा से एनडीए का जो उम्मीदवार हो वह पिछड़ा वर्ग से हो यह ध्यान रखने की जरूरत है। क्योंकि आजादी के बाद से अब तक यह वर्ग सिर्फ वोटर रहा है कभी प्रतिनिधत्व करने का अवसर नहीं मिला। उन्होंने कहा कि भाजपा व आजसू का संबंध प्रगाढ़ हो इसके लिए हमलोगों को भावनात्मक रूप से भी एकजुट होना होगा ताकि भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंका जाए। आजसू जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि भाजपा प्रभारी ने ध्यान से सुनने के बाद आजसू का विचार को उचित पटल पर रखने का आश्वासन दिया है।इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय सचिव श्रीमती चंपा देवी, केंद्रीय सचिव शंकर प्रताप विश्वकर्मा, केंद्रीय सदस्य नंदू ठाकुर , संतोष केसरी आदि उपस्थित थे।

उत्पाद पुलिस बहाली की दौड़ में मृतक के घर पहुंचा झामुमो का प्रतिनिधिमंडल

# मृतक के परिवार के साथ है झामुमो : राजेंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** छतरपुर प्रखंड के कउवल ग्राम के गिरजा राम के पुत्र अरुण कुमार एवं पांडू प्रखंड के मुरमा कला के दीपक कुमार पासवान की मृत्यु उत्पाद सिपाही दौड़ के दौरान हो गई थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल मृतक अरुण कुमार के परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया।मौके पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा की युवाओं की आकस्मिक मृत्यु बहुत ही पीड़ा दायक है।पूरा झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार मर्माहत है। ईश्वर इस दुख की घड़ी में पूरे परिवार को दुख को सहने की ताकत दे।दोनों युवाओं के परिवार की स्थिति से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराया जाएगा और सरकारी प्रावधान के अनुसार मदद दिलाने



के बात की जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरा झारखंड मुक्ति मोर्चा मृतक के परिजनों के साथ है। उन्हें जब भी आवश्यकता हो निसंकोच हमसे या पार्टी के किसी नेता से मिल सकते हैं। उनकी जो भी समस्याएं होंगी उन्हें अतिशीघ्र दूर करने की कोशिश की जाएगी। विपक्षियों पर निशाना साधते हुए राजेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि विपक्ष के नेता अमर बावरी के साथ जितने भी भाजपा के नेता गए हुए थे,सभी दुखी परिवार को सांत्वना देने के बदले राजनीतिक करते हुए नजर आए जो अती निंदनीय है।पुलिस बहाली के जिस नियम का हवाला देकर ये लोग राजनीतिक कर रहे हैं शायद उन्हें याद नहीं कि इस नियम को बनाने वाली भी भाजपा की सरकार थी। जिसने डेढ़ किलोमीटर दौड़ को बढ़ाकर 10 किलोमिटर की दौड़ करने का निश्चित किया था।जब सरकार युवाओं के रोजगार के लिए बेहतर काम करने लगी तो भाजपा के लोग इसे बाधित करने की कोशिश कर रहे हैं। ताकि राजनीतिक मुद्दा बनाया जा सके।

### इनकी रही उपस्थिति

प्रतिनिधि मंडल में पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा, जिला सचिव सन्नू सिद्दकी, जिला उपाध्यक्ष कमाल खान, महानगर अध्यक्ष फंटूश जायसवाल, वरीय नेता अविनाश देव, हाजी ललन, अखिलेश सिंह, युवा जिला अध्यक्ष सनी कुमार शुक्ला, देवानंद भारद्वाज, उपाध्यक्ष बबलू चौधरी, छोटू त्रिपाठी, अरविंद चौधरी, नौडीहा बाजार प्रखंड अध्यक्ष उदय पासवान उपस्थित थे।

# बाना मसूरिया में कई लोगों ने थामा एआईएमआईएम का दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा प्रखंड के बाना मसूरिया के कई लोगों ने एआईएमआईएम की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोगों को एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी डॉक्टर एमएन खान ने पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर डॉक्टर एमएन खान ने कहा कि लगातार एआईएमआईएम पार्टी की जनाधार बढ़ रही है। इस बार यहां की जनता पूरी तरह एआईएमआईएम को समर्थन देने का मन बना लिया है। अब यहां की जनता को कोई भी पार्टी नहीं बरगला सकती है। उन्होंने कहा कि अभी तक यहां के जनप्रतिनिधि सिर्फ अपना विकास किए हैं। जनता के विकास से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है।उन्होंने कहा कि यदि उन्हें जनता का आशीर्वाद मिला तो वे गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के चहुमुखी विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।उन्होंने कहा कि इस बार गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में एआईएमआईएम का परचम लहराएगा। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों ने कहा कि वे एआईएमआईएम के नीति और सिद्धांतो से प्रभावित होकर वे लोग इस पार्टी का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार युवाओं को रोजगार नहीं दिला सका। यह झूठी सरकार है।एआईएमआईएम का दामन थामने वालों में ग्राम बाना से एमडी औरंगजेब खान, आफताब खान,जावेद खान, आदिल खान, आसिफ खान, शफी अहमद खान, मुजाहिद खान, रिजवान खान, सद्दाम खान, वसीम खान, महबूब खान, अरसुद्दीन खान, समसूल हुदा खान, मंजर खान, फहीमुद्दीन खान, शाहबाज खान, पूतन राम, मंगरु राम, छोटू राम, आसिफ खान, शाह आलम, अख्तर अलीआदि के नाम शामिल है।

## सीबीआई ने गबन के आरोप में एफसीआई के ठेकेदार रामजी कुमार पांडे के खिलाफ मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गबन के आरोप में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के एक ठेकेदार रामजी कुमार पांडे और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस क्रम में गिरिडीह (झारखंड) में आरोपितों के आवासीय परिसरों की तलाशी ली। जिसमें भारतीय खाद्य निगम, संपत्ति के ब्यौरे, बैंक खाते के विवरण व समझौते से संबंधित आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं। सीबीआई ने यह जानकारी आज साझा की है। सीबीआई ने आज जारी बयान में कहा कि एफसीआई, रांची से शिकायत मिलने के बाद और झारखंड व भारत सरकार द्वारा अधिसूचना जारी होने के आधार पर एफसीआई के ठेकेदार व अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। सीबीआई के मुताबिक एफसीआई के जिस ठेकेदार पर मामला दर्ज किया गया है वह गिरिडीह में सूर्या गोदाम-1 का मालिक व निवेशक है।

